पौष माह, कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 6 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 29 जनवरी 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कोरोनाः पीक गुजरा अब राहत की सांस!

### बड़े शहरों में घटा कोरोनाः मुंबई के अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या 61% घटी, दिल्ली में 28% की कमी; चेन्नई-बेंगलुरु में भी राहत



**नई दिल्ली**
कोरोना की तीसरी लहर के बीच देश के बड़े शहरों से राहत देने वाली खबर सामने आई है। सबसे ज्यादा संक्रमण वाले शहर मुंबई से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक अस्पताल में भर्ती मरीजों की तादाद घट रही है। इन शहरों में पिछले सात से 15 दिन के ट्रेंड को देखें, तो लगता है कि महामारी की तीसरी लहर का पीक गुजर चुका है। आंकड़े दिखाते हैं कि इन शहरों में कोरोना की वजह से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में गिरावट शुरू हो गई है। तीसरी लहर में पहली बार देश में एक्टिव मरीजों की संख्या में भी गिरावट का ट्रेंड नजर आ रहा है। देशभर में में 23 जनवरी को सबसे ज्यादा 22.43 लाख एक्टिव मरीज थे, जो 26 जनवरी को घटकर 21.95 लाख रह गए हैं।

**मुंबईः अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या 61% घटीः** मुंबई के अलग-अलग अस्पतालों में 11 जनवरी को 8 हजार 727 कोरोना मरीज भर्ती थे। 26 जनवरी को यह आंकड़ा घटकर 3 हजार 384 रह गया। इस तरह अस्पतालों में भर्ती कोरोना मरीजों की संख्या में 61% की कमी आ चुकी है। खास बात यह है कि तीसरी लहर के दौरान मुंबई में देशभर में सबसे ज्यादा संक्रमित मरीज मिले थे। दूसरी और पहली लहर में भी यही ट्रेंड देखने को मिला था।

**दिल्लीः अस्पतालों में 28% मरीज कम हुएः** दिल्ली के अस्पतालों में 17 जनवरी को 2 हजार 782 मरीज भर्ती थे। 26 जनवरी को इनकी संख्या घटकर 2 हजार ही रह गई। इस तरह राजधानी के अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या में 28% की कमी आई है। दिल्ली में मरीजों की संख्या घटने का असर बाजारों पर भी दिखेगा। दिल्ली सरकार ने 28 जनवरी से कोरोना पाबंदियों में राहत देने का ऐलान किया है।

**चेन्नईः अस्पतालों में 33% कम हुए मरीजः** दक्षिण भारत में जहां बढ़े हुए केस चिंता की वजह बने हुए हैं, वहीं चेन्नई के अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या में तेजी से कमी आ रही है। यहां 12 जनवरी को एक हजार 456 मरीज अस्पतालों में भर्ती थे, जबकि 26 जनवरी को शहर के अस्पतालों में 971 मरीज ही भर्ती थे। इस तरह शहर के अस्पतालों में भर्ती कुल मरीजों की संख्या में 33% की कमी आई है।


### ऑक्सीजन सपोर्ट वाले मरीजों की संख्या नहीं घटी

मुंबई और दिल्ली में जिस रफ्तार से अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या घटी है, उस रफ्तार से ऑक्सीजन सपोर्ट वाले मरीजों की संख्या नहीं घटी है। इस बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि इनमें ज्यादातर मरीज वे हैं, जिन्हें वैक्सीन नहीं लगी है। मुंबई के अस्पतालों में इस समय भर्ती मरीजों में 60% बिना टीका लगवाने वाले ही हैं।

### बेंगलुरुः अस्पतालों में 8% कम हुए मरीज

कर्नाटक में बड़ी संख्या में कोरोना मरीज मिलने के बीच बेंगलुरु से राहत की खबर है। यहां 18 जनवरी को 315 मरीज अस्पतालों में भर्ती थे, जो अब घटकर 239 रह गए हैं। इस तरह शहर के अस्पतालों भर्ती मरीजों की संख्या में कुल 8% की कमी आई है। हालांकि, बाकी बड़े शहरों के मुकाबले यह कम है, लेकिन मरीजों की घटती संख्या ने महामारी का असर कम होने के संकेत दे दिए हैं।

## पाक तस्करों के साथ बीएसएफ की मुठभेड़



**अमृतसर**
**हेरोइन** और हथियारों की खेप बॉर्डर पर छोड़ने आए पाकिस्तानी तस्करों की बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बीएसएफ जवान घायल हुआ है। वहीं पाकिस्तानी तस्कर हथियार और हेरोइन की खेप छोड़कर फरार हो गए। मुठभेड़ के बाद बीएसएफ ने रात को ही इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। तलाशी के दौरान इलाके से बीएसएफ ने 47 पैकेट हेरोइन, 7 छोटे पैकेट अफीम, एक नोरिंको चाइना मेड पिस्टल व दो मैग्जीन, .30 कैलेबर 44 राउंड, 4 एके 47, 7.62 कैलेबर के 74 राउंड, 1 पेइट्रो बेरेटा 9 एमएम इटालियन पिस्टल, एक मैग्जीन व 12, 9एमएम के राउंड बरामद किए, जिन्हें जब्त कर लिया गया है।

**शुक्रवार सुबह 5 बजे की घटनाः** मिली जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ शुक्रवार अलसुबह 5 बजे के करीब हुई।
बीएसएफ के जवान हेड कांस्टेबल ज्ञान सिंह ने गुरदासपुर के गांव चंदू वड़ाला स्थित चैक पोस्ट के करीब कंटीली तारों के आगे कुछ हरकत देखी।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिंह ऑटोमोबाईल्स
अधिकृत विक्रेता - आयशर ट्रैक्टर्स
प्रो.- मुन्ना सिंह मो.- 9956011474
माण्डावली रोड, कोरांव, प्रयागराज

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष ज्वैलर्स/फूलचन्द्र शर्राफ
आभूषण विक्रेता
आनन्द कुमार केसरी
उर्फ मुन्ना सर्राफ (सोशल वर्कर)
नगर पंचायत, कोरांव प्रयागराज मो.- 9648518780

समस्त क्षेत्रवासियों को 73वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गिरीश द्विवेदी
(अध्यापक)
पूर्व माध्यमिक विद्यालय, झलमल, वि.ख. कोरांव, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों को 73वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती कमला देवी (प्रधान)
जगदीश प्रसाद सिंह (अध्यक्ष)
निर्माण कार्य समिति
ग्राम पंचायत गोहानी वि.ख. कोरांव, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास खण्ड कोरांव, प्रयागराज

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवघाट फिलिंग स्टेशन
पेट्रोल पम्प, अल्लहवा, देवघाट, कोरांव, प्रयागराज
जायसवाल सर्विस स्टेशन
प्रो.- देशदीपक आर्या
पेट्रोल पम्प, कोरांव, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों को 73वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन सम्पदाओं की सुरक्षा में तत्पर
दिनेश कुमार
वन क्षेत्राधिकारी
सामाजिक वानकी, कोरांव, प्रयागराज

## देवभूमि में शाह ने किया प्रचार

### शहीद परिवारों के घरों की मिट्टी से बन रहा है सैन्य धामः शाह



**रुद्रप्रयाग**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उत्तराखंड के दौरे पर हैं। उत्तराखंड में भारतीय जनता के सामने सत्ता बचाने की चुनौती है। इस पहाड़ी राज्य में कांग्रेस और भाजपा के बीच चुनावी जंग है। भाजपा यहां भी देशभर में किए गए अपने विकास कार्यों का प्रचार कर जनता से वोट देने की अपील कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि उत्तराखंड में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार आत्मानिर्भर भारत की दिशा में देश के भीतर सेना के आधुनिकीकरण और हथियार बनाने की दिशा में काम कर रही है।

**जनरल बिपिन रावत को किया यादः** जनरल बिपिन रावत को याद करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं जब जनरल बिपिन रावत जी को अंतिम श्रद्धांजलि देने गया था, तो उनके घर में वीरता और हौसले का माहौल देखकर हैरान था। किसी के मन में किसी भी तरह की ग्लानि नहीं थी, सबके मन में यही भाव था कि जनरल साहब देश के लिए काम करते-करते शहीद हुए हैं।

**भाजपा सरकार में डबल हुआ देश का रक्षा बजटः**
बजट सत्र में मोदी सरकार को घेरेगी कांग्रेस (फाइल अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने जो 70 सालों में नहीं किया था, भाजपा ने वो पिछले 7 सालों में कर दिखाया है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में पूर्व सैन्यकर्मियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, 'मोदी सरकार द्वारा सेना के आधुनिकीकरण और देश को हथियारों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई काम किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा रक्षा बजट जो 2013-14 में 2 लाख करोड़ रुपये था, वो बढ़ाकर 2021-22 में 4.78 करोड़ रुपये हो गया है।'

## एससी-एसटी प्रमोशन में आरक्षण पर सुप्रीम फैसला

### रिजर्वेशन के पैमानों में सुप्रीम कोर्ट का दखल से इनकार

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एससी-एसटी को प्रमोशन में आरक्षण पर बड़ा फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इसके पैमाने तय करने में दखलंदाजी से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम ऐसा नहीं कर सकते हैं, यह राज्यों को करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारें रिजर्वेशन तय करने से पहले इसका डेटा इकट्ठा करें। अदालत ने कहा कि सरकारें समय-समय पर यह समीक्षा भी करें कि एससी-एसटी को प्रमोशन में आरक्षण में सही प्रतिनिधित्व मिला है या नहीं। इस रिव्यू के लिए एक अवधि भी तय करनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा है कि 2006 के नागराज और 2018 के जरनैल सिंह मामले में संविधान पीठ के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट कोई नया पैमाना नहीं बना सकती है। केंद्र और राज्यों से जुड़े आरक्षण के मामलों में स्पष्टता पर सुनवाई 24 फरवरी से शुरू होगी।

**क्या कहा कोर्ट ने?:** मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायधीशों की पीठ की कर रही थी। जस्टिस एल नागेश्वर राव, संजीव खन्ना और बी आर गवई की बेंच ने कहा कि संबंधित राज्य सरकार एम नागराज बनाम भारत संघ में सुप्रीम कोर्ट के 2006 के फैसले में निर्धारित डेटा एकत्र करने के लिए बाध्य है। कोर्ट ने कहा, " पहले के फैसलों में तय आरक्षण के प्रावधानों और पैमाने में हम कोई दखल नहीं दे सकते हैं। राज्य एससी-एसटी जनजातियों के कर्मचारियों को प्रमोशन में रिजर्वेशन देने से पहले क्वॉन्टेटिव डेटा जुटाने के लिए बाध्य है। एससी-एसटी को प्रमोशन में आरक्षण में सही प्रतिनिधित्व मिला है या नहीं। इस रिव्यू के लिए एक अवधि भी तय करनी चाहिए।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
HAPPY REPUBLIC DAY
स्वास्थ्य सेवाएँ कोरांव-प्रयागराज
निम्न अस्पतालों में समस्त प्रकार के मरीजों का उपचार ऑपरेशन, जॉच, भर्ती
एक्स-रे अल्ट्रासाउण्ड की सुविधाऍ 24 घण्टे उपलब्ध

मो0 9793045577
सुकृत अस्पताल
तुलसी विद्यालय वाली रोड, नहर के बगल, कोरांव
डा0 आर. के. कुशवाहा MBBS, MS (सर्जन)
डा0 सोनी कुशवाहा MBBS, MS (स्त्री रोग विशेषज्ञ)

मो0 9793528552
अली चैरिटेबल अस्पताल
माण्डा वाली रोड, कोरांव-प्रयागराज
डा0 मो0 शमीम निदेशक
डा0 आयमन अब्बासी MBBS, MS (सर्जन)

मो0 9935112077
जीवन रेखा मेडिकेयर
गॉधी चौराहा, नहर पर, कोरांव
डा0 अनिल पाण्डेय MBBS (निदेशक)

मो0 9415982578
श्याम चैरिटेबल अस्पताल
कोरांव-प्रयागराज
डा0 श्वेता जायसवाल MBBS, MD
डा0 दिनेश जायसवाल MBBS, MS (स्त्री रोग विशेषज्ञ)

मो0 9935540742
जीवन रक्षा क्लीनिक
मेजा वाली रोड, कोरांव-प्रयागराज
डा0 राज किशोर कुशवाहा निदेशक
डा0 हरिहर जैसल

मो0 9198719968
शंकर क्लीनिक
गॉधी चौराहा, मेजा वाली रोड, कोरांव
डा0 राम सिया सिंह (सर्जन)
नाक, कान, गला एवं कैंसर

मो0 9956613683
चौधरी हेल्थ केयर सेन्टर
मेजा वाली रोड, कोरांव-प्रयागराज
डा0 भूपेन्द्र चौधरी MBBS, MD (मेडिसिन)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
ग्राम्य विकास, क्षेत्र के विकास में तत्पर
जगमोहन सिंह पटेल
ग्राम प्रधान/कान्ट्रेक्टर
ग्राम पंचायत चन्दापुर, कोरांव
जगमोहन मोटर्स/मोटर साईकिल शो-रूम
पेट्रोल पम्प के बगल, बढ़ोखर, कोरांव-प्रयागराज मो0 9794768112

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी + समाजवादी पार्टी
REPUBLIC DAY
लक्ष्मी शंकर यादव
अध्यक्ष विधान सभा, कोरांव
धर्मवीर कुशवाहा

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित कार कंटेनर में भिड़ी चालक बाल-बाल बचा

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर शुक्रवार को लगभग साढ़े 11 बजे नरई गांव निवासी जीतेंद्र कुमार सहसों में किसी मरीज को छोड़कर अल्टो कार से वापस नरई गांव लौट रहे थे कि अचानक थरवई थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के सामने कंटेनर ट्रक राजमार्ग के पश्चिमी पटरी से पूर्वी पटरी पर जाने के लिए सड़क पार कर रहा था कि अचानक कार अनियंत्रित होकर ट्रक मे भिड़ गई। कार चालक जितेंद्र कुमार को हल्की चोट आई। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर घायल जितेन्द्र कुमार को तत्काल पास के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां पर हालत सामान्य है। सूचना पर पहुंचे थाना थरवई के हल्का इंचार्ज एसआई चंदन सरोज ने क्रेन मंगवा कर ट्रक तथा कार को राजमार्ग से तत्काल हटवाया तत्पश्चात आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सका।

# आवास लाभार्थियों ने सूची से अपात्र करने के विरोध में ब्लॉक मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश



सूची से अपात्र करने के विरोध मुख्यालय पर प्रदर्शन करते

**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के ग्राम पंचायत जमुआ जमसोत के कई दर्जन आवास लाभार्थियों ने शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय कोरांव पर पहुंचकर सूची से अपात्र करने के विरोध में प्रदर्शन कर मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज को संबोधित लंबे समय से तैनात बाबू आनंद श्रीवास्तव को अपना मांग पत्र सौंपा। प्रदर्शन कर रहे आवास लाभार्थियों ने लंबे समय से तैनात बाबू व ग्राम पंचायत अधिकारी पर मनमाने तरीके से अपात्र करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कुल 41 आवास लाभार्थियों को पात्रता सूची अपात्र कर दिया गया है। जबकि सभी अपात्र किए गए लाभार्थी पात्र हैं। आवास लाभार्थियों ने ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर यह भी आरोप लगाया कि जिन लाभार्थियों के द्वारा आवास में कमीशन अथवा सुविधा शुल्क दिया जाता है उनको पात्र कर आवास दे दिया जा रहा है। जो आवास लाभार्थी सुविधा शुल्क नहीं दे रहे हैं उनको पात्रता सूची से अपात्र करने का खेल लंबे समय से खेला जा रहा है। विकासखंड कोरांव के अधिकांशतः गांवों के यही हालात हैं। प्रत्येक गांवों में पात्रता सूची में शामिल पात्र आवास लाभार्थियों को भी अपात्र कर उन्हें आवास के लिए दौड़ाया जा रहा है। आवास लाभार्थियों के प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक मुख्यालय पर न तो खंड विकास अधिकारी और न ही सहायक विकास अधिकारी पंचायत मौजूद रहे। आवास सूची में हेराफेरी करने वाला बाबू ही प्रदर्शनरत आवास लाभार्थियों को समझा-बुझाकर बैरंग वापस कर दिया।

## चलाया जाएगा मतदाता जागरूकता अभियान

**सहसों।** फरवरी माह में होने वाले विधानसभा चुनाव में सम्मानित मतदाता अधिक से अधिक मतदान स्थल पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसी के मद्देनजर युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंध कारिणी समिति की बैठक संस्था के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश केसरवानी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सहसों कार्यालय पर हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संस्था द्वारा 1 फरवरी से 27 फरवरी तक जनपद में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें संस्था के सदस्यों द्वारा डोर टू डोर संपर्क करके अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जाएगी एवं प्रमुख चौराहों बाजारों में गोष्ठी का आयोजन करके लोगों को जागरूक किया जाएगा एवं मतदान के महत्व के बारे में बताया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्था के प्रबंधक विष्णु कुमार केसरवानी, भोलानाथ केसरवानी, दिनेश केसरवानी, गोदावरी देवी, शंकरलाल, पदम राज सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### भागीदारी संकल्प मोर्चा की संयुक्त बैठक सम्पन्न



**सिरसा।** प्रयागराज क्षेत्र मेजा में भागीदारी परिवर्तन मोर्चा की एक संयुक्त बैठक गुरुवार को विधानसभा मेजा के भारतगंज कस्बे में आयोजित की गई। बैठक में जन अधिकार पार्टी एवं ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन और बहुजन मुक्ति पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद तीनों पार्टियों के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि भागीदारी परिवर्तन मोर्चा से भी विधानसभा में उम्मीदवार बनाया जाएगा और हम सभी लोग एकजुट होकर पूरी ईमानदारी और निष्ठा से उसे जिताने का काम करेंगे। समीक्षा बैठक में एआई एमआई एम के पदाधिकारी मोहम्मद शाहिद वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य, राशिद अली युवा प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष, कालीम उर रहमान, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य, तनवीर अहमद सोशल मीडिया प्रभारी, आलमगीर नगर अध्यक्ष, सरफुद्दीन (जोद्दा भाई) भारतगंज के आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।वही जन अधिकार पार्टी के प्रत्याशी बबलू कुशवाहा विधानसभा प्रभारी मेजा, अर्जुन कुमार जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, राजकुमार मौर्य अध्यक्ष मध्यांचल, अशोक कुमार जिला प्रभारी, प्रदीप कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष बहुजन मुक्ति पार्टी के मनोज कुमार बिंद, शिव शंकर बौद्य युवा प्रकोष्ठ मंडल सहित सैकड़ों की संख्या में तीनों पार्टियों के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 250 लोगों का किया गया निःशुल्क परीक्षण जांच



**नैनी।** पीपुल्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित शिवम् अक्षयवट हास्पिटल एडीए रोड नैनी में पूर्व निर्धारित प्रथम स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से डॉः ए के राय (एम एस आर्थो ) डॉः के एन त्रिपाठी एमडी मेडिसिन द्वारा विभिन्न रोगों से ग्रस्त मरीजों का इलाज किया गया। महिला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉः करिश्मा शर्मा द्वारा सम्बंधित रोगों का इलाज किया गया। उपरोक्त डॉक्टरों के अतिरिक्त शिविर में डॉः सी बी उपाध्याय, डॉः विनोद कुमार व भौतिक चिकित्सक डॉः आनन्द पाण्डेय द्वारा भी मरीजों का इलाज कर स्वस्थ रहने की जानकारी दी गई। शिविर में लगभग 250 लोगों का परीक्षण व जांच के साथ ही निःशुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर में सोसायटी की सचिव डॉः नम्रता राय अन्य सदस्यों के साथ उपस्थित रहीं और बताया कि संस्था द्वारा शिवम् अक्षयवट हास्पिटल के सहयोग से समय समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। समस्त आयोजन में कोविड-19 की गाइडलाइंस का पालन किया गया। शिविर में हास्पिटल के फार्मासिस्ट अजय उपाध्याय, सत्य प्रकाश, वीरेन्द्र, धीरेन्द्र, नीलेश वो समस्त कर्मचारियों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### विधायक नीलम करवरिया दूसरी बार टिकट मिलने पर बारा के कार्यकताओं में खुशी



**जसरा।** मंडल जसरा के कार्यकताओं को जैसे ही विधायक नीलम करवरिया को मेजा से दुबारा भारतीय जनता पार्टी का टिकट मिलने पर लोगों ने हर्ष ब्याप्त है। मंडल उपाध्यक्ष जसरा सुरेश उर्फ बच्चा मालवीय को जैसे ही नीलम करवरिया के टिकट मिलने की जानकारी मिली,तुरंत उपस्थित लोगों का मुंह मीठा कराते हुए अपार हर्ष ब्यक्त किया है। कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ने नीलम जी को टिकट देकर उदयभान करवरिया जी के हाथ को मजबूत किया है। कार्यक्रम में राजाबाबू पाठक,जगत नारायण शुक्ल,अवध बिहारी मिश्र, अशोक तिवारी, वीरेंद्र पाठक, राजेंद्र तिवारी,अरविंद कुमार मिश्रा,नारेन्द्र कुमार मिश्र, ठाकुर पुष्पराज सिंह, अखिलेश त्रिपाठी, भूपेंद्र पाठक शशिकांत पांडेय, अश्वनी द्विवेदी इत्यादि कार्यकताओं ने खुशी जाहिर किया है।

### बेटियाँ ही देश की भाग्य विधाता : रमाकांत विश्वकर्मा



**जसरा।** बेटियों के समुचित विकास एवम अवसर से ही राष्ट्र मे प्रगति की पटकथा लिखी जा सकती हैं इसलिए बेटियों को समान अवसर एवम संसाधन प्रदान करने की आवश्यकता हैं उक्त बातें वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकान्त विश्वकर्मा ने क्षेत्र के उमरी गाँव मे आयोजित एक कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि बोल रहें थे। आगे उन्होंने शिक्षा को महत्वपूर्ण हथियार के रूप मे स्वीकार करते हुए उपस्थित जनसमूह से नयी पीढ़ी को उच्च तालीम देने के लिए भी प्रोत्साहित किये। इस अवसर पर युवा समाजसेवी एवम केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल ने उपस्थित अतिथियों को पौधा भेंट करते हुए जल संरक्षण, मतदाता जागरूकता अभियान इत्यादि सामाजिक विषयों पर लोगों को जागरूक किया गया। उक्त आयोजन मे दहेज प्रथा, बाल विवाह, अशिक्षा इत्यादि सामाजिक कुरुतियों को नाटक के माध्यम से दूर करने की अपील किया गया। इस अवसर पर 70से अधिक प्रतिभागी बेटियों को पुरस्कृत भी किया गया।इंजीनियर नरेंद्र सिंह, बी. एल. वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी सभा को सम्बोधित किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता अपना दल एस फूलचंद पटेल किये अर्जुन सिंह पटेल एवम सुरजीत पटेल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किये। अजीत सिंह पटेल, पवन पटेल, बोलीं सिंह पटेल, जय सिंह पटेल आदि लोग उपस्थित रहें।

# पाइप पर ऑटो चढ़ाने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, कई जख्मी





मारपीट के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ व मारपीअ में घायल व्यक्ति

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** घूरपुर थाना अंतर्गत एक गांव में शुक्रवार सुबह साढ़े 9 बजे सड़क के किनारे से सिंचाई के लिए गए पाइप पर ऑटो का पहिया चढ़ जाने के कारण दोनों पक्षों में गाली गलौज की गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएचसी में उपचार किया गया। दौना गांव में शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे पाइप बिछाकर एक व्यक्ति खेत की सिंचाई कर रहा था। वहीं अप्पे चालक सड़क पर बिछी पाइप के ऊपर से अप्पे लेकर निकल गया। यह देखकर खेत की सिंचाई कर रहे व्यक्ति से दोनों में गाली गलौज शुरू हो गया। कुछ देर में गांव के बाहर नाश्ते की दुकान पर दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे। जिसमें चंद्र दास, नितेश कुमार,विनोद कुमार , धीरज कुमार,अंकित व श्याम बाबू घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से रावेन्द्र सिंह व शिलवंत सिंह पुत्र शिव सेवक पटेल चोटिल हुए हैं। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष घूरपुर धीरेंद्र सिंह द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा भेजकर प्राथमिक उपचार कराया गया। एस ओ घूरपुर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## गजब : धोखाधड़ी के मुलजिम निलंबित लेखपाल बहाल!

**लेंडियारी।** तहसील कोराव में धोखाधड़ी के मुलजिम और निलंबित लेखपाल को तहसील कोराव के अधिकारियों द्वारा बहाल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम देवघाट के लेखपाल ने अपने रिश्तेदार ग्राम अल्हवा निवासी एक भू माफिया के नाम वर्ष २०२० में मृतक दिखा कर भूमि ट्रांसफर कर दिया था। जिसकी डीएम से शिकायत हुई। जिस पर लेखपाल निलंबित हुआ। और भूमि वापिस की गई। दंडात्मक कार्यवाही न किए जाने पर न्यायालय के हुक्म पर थाना कोरांव में क्राइम नंबर ४१२/२१धारा४१९, ४२०, ४६७, 468,471, 506आईपीसी में लेखपाल, कानूनगो, भू माफिया, सहित चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज हुआ। जमानत के लिए उक्त मुलजिमान हाईकोर्ट गए हैं। इधर तहसील के अधिकारियों ने उक्त निलंबित एवं धोखाधड़ी के मुलजिम को बहाल कर दिया। और एक ग्राम सभा का चार्ज भी दे दिया। इस दौरान स्थानीय पुलिस पर दबाव भी अधिकारियों तथा राजनैतिक स्तर पर डाला जा रहा है। जिससे मुलजिमान खुले आम घूम रहे हैं। और वादिनी महिला को धमकियां दे रहे हैं। महिला जो जिंदा से मुर्दा बनाई गई थी उसने न्याय न मिलता देख सीजेएम प्रयागराज, एस एस पी,तथा गृह सचिव,प्रमुख सचिव राजस्व लखनऊ,डीएम से शिकायत की है और विवेचना कोरांव थाने से हटा कर सीबीसीआईडी आदि एजेंसी से कराए जाने की प्रार्थना पत्र दे कर मांग की है। उधर अखिल भारतीय प्रधान संघ यूपी प्रयागराज मंडल के मंत्री तथा सोशल एक्टिविस्ट शहजादे ने प्रदेश के मुख्य सचिव लखनऊ,सचिव राजस्व विभाग सासन लखनऊ को पत्राचार कर साशनादेस और परिषदादेश के उल्लंघन कर स्थानीय राजस्व कर्मियों को गैर तहसीलों में तैनाती की मांग की है जिससे लोकल कर्मी लोकल राजनीति न कर सकें और राजस्व मामलों में हत्या फौजदारी आदि भू विवादों में कमी आए। सोशल वर्कर ने राजस्व प्रशासन लखनऊ से मांगें पूरी न किए जाने पर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल किए जाने तथा राजाज्ञा का उल्लंघन करने वाले अफसरों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही किए जाने की बात कही है।

# मेजा मे सपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क, सपाइयों ने माला पहनाकर किया स्वागत



अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** विधानसभा मेजा मे सपा प्रत्याशी के समर्थन में क्षेत्र में जनसंपर्क का दौर तेज हो गया है। सपा प्रत्याशी संदीप पटेल ने मेजा के कई गांवों मे जा कर जनसंपर्क किया। वहीं साथ मे रहे सपा नेता व कार्यकताओं ने सपा प्रत्याशी को विजयी बनाने की मतदाताओं से अपील की। शुक्रवार को सपा प्रत्याशी संदीप पटेल ने मेजा विधानसभा के बलुहा, टिकुरी, कठौली, लोहारी व सिरसा में जनसंपर्क किया। सपाइयों ने संदीप पटेल को माला पहनाकर स्वागत किया। जनसंपर्क के दौरान श्री पटेल ने कहा कि सपा सरकार सर्वसमाज के हित के लिए कार्य कर रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार में हुए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि हर वर्ग परिवर्तन चाहता है क्योंकि योगी सरकार के पांच साल के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश की जनता को दुःख और परेशानी मिली है। जनसंपर्क के मौके पर सैकड़ों की संख्या मे सपाई मौजूद रहे।

## सपा में सभी वर्गों का सम्मान : चन्द्रभान यादव

**प्रतापपुर।** समाजवादी पार्टी में सभी वर्गों का सम्मान है सपा सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।उक्त बातें समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता चन्द्र भान यादव उर्फ बाबा प्रधान ने क्षेत्र में पार्टी की रीतियों-नीतियों का प्रचार-प्रसार करते हुए उग्रसेनपुर में जनसंपर्क के दौरान कही उन्होंने कहा कि समजवादी पार्टी की सरकार बनने पर 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी एवं सिंचाई मुफ्त होगी,विधवा पेंशन,मेधावी छात्रों को लैपटॉप मुफ्त में मिलेगा पूर्व सपा सरकार में किया गया ऐतिहासिक कार्य का पुनः क्रियान्वयन किया जाएगा।इस मौके पर उमेश सिंह, हनुमान बिंद, रमेश यादव, सुनील यादव, सत्या, मनीष यादव, इसरार सिद्दीकी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शासनादेशों की उड़ाई जा रही है धज्जियां

अखंड भारत संदेश

**अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज ने की मुख्य सचिव एवं राज्यपाल से शिकायत, लोकल कर्मचारी और अधिकारी कर रहे जनता का शोषण**

**प्रयागराज।** इस समय पूरे जनपद के तहसीलों में तहसील और राजस्व विभाग के अधिकारी मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं। जारी शासनादेशों का उल्लंघन कर रहे हैं, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि शासनादेश व परिषदादेश में यह व्यवस्था है कि राजस्व विभाग के समूह क और घ के कर्मचारी की नियुक्ति उनके गृह तहसील में नहीं हो सकती। इसी तरह आईएएस और पीसीएस अधिकारी अपने गृह जिले में तैनात नहीं हो सकते। इसी प्रकार पुलिस विभाग के कर्मचारी अपने जिले व जिले के बॉर्डर पर भी तैनात नहीं हो सकते। लेकिन जनपद प्रयागराज में ऐसा कुछ शासनादेशों का उल्लंघन देखने को मिल रहा है,जिस कारण कोरांव तहसील में कोरांव तहसील के ही मूल निवासी होते हुए भी कुछ कर्मचारी अधिकारियों से मिलीभगत कर-के अपने गृह तहसील में तैनात होकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं, जो कि शासन की मंशा के विपरीत है। यह भी चर्चा है कि तहसील कोरांव के ही निवासी अगल बगल के गांव के होते हुए भी काफी संख्या में लेखपाल तैनात किए गए हैं जो अपने सगे रिश्तेदार का पक्ष ले ले कर एक दूसरे के बदले की भावना से उत्पीड़न और मनमानी नाप जोख पैमाइश आदि कार्यवाही कर रहे हैं। और जिंदा होते हुए मुर्दा दिखा दिखा कर के लोगों की भू अभिलेखों में संपत्तियां नाम चढ़ा करके लंबी कमाई कर रहे हैं, किंतु राजस्व प्रशासन के अधिकारी मौन बने हुए हैं। और शिकवा शिकायत करने पर शिकायतकर्ता को तरजीह न देकर उन्हीं के विरुद्ध उल्टी कार्यवाही किया करते हैं जिससे लोगों में आक्रोश है। अभी कुछ समय पहले तहसील कोराव के ही ग्राम सेमरी बाघराय कोरांव निवासी एक लेखपाल राजबहादुर पटेल ने अपने रिश्तेदार सुखलाल पटेल ग्राम अल्हवा के नाम एक महिला को मृतक दिखा कर उसकी भू को ट्रांसफर कर दिया। निलंबित हुआ, थाना कोराव में क्राइम नंबर ४१२/२१ पर केस भी गंभीर धाराओं में पंजीकृत हुआ।किंतु फिर भी तहसील अफसरों ने नियम कानून जी ओ की अनदेखी करके मुलजिम लेखपाल को बहाल कर दूसरे ग्राम में नियुक्त कर दिया। जिसकी शिकायत प्रमुख सचिव राजस्व लखनऊ से की गई। उक्त सासन और परिषदादेश को दर किनार करने पर अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल के मंत्री ए ए सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार फाउंडर मिसकिन सेवा संस्थान ट्रस्ट ने तहसील कोराव आदि में की गई नियुक्तियों तैनातियों पर उंगली उठाई है। आरोप लगाया है कि स्थानीय तहसील के निवासी राजस्व कर्मी लेखपाल गैर तहसील गैर जिला में रह कर जाति,द्वेष,भावना के साथ साथ गंवई राजनीति से प्रेरित हो कर रिस्तेदार परिवारों आदि के दबाव में कार्य कर रहे हैं,जिससे किसानों,जनता का शोषण और उत्पीड़न कर रहे हैं। साथ ही पंचायत चुनाव आदमी में अपने रिश्तेदारों का पक्ष ले लेकर उक्त कर्मचारी निष्पक्ष चुनाव आदि प्रक्रिया को भी प्रभावित करते हैं। उक्त सोशल वर्कर ने 28 जनवरी 2022 को प्रदेश के प्रमुख सचिव राजस्व उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ एवं माननीय मुख्य चुनाव आयुक्त उत्तर प्रदेश तथा महामहिम राज्यपाल लखनऊ को एक पत्र भेजकर ऐसे स्थानीय नियुक्त कर्मचारियों के द्वारा तथा उनके अधिकारियों द्वारा शासनादेशों के किए जा रहे उल्लंघन के विरुद्ध जांच कार्यवाही कराते हुए तत्काल प्रभाव से ऐसे कर्मचारियों को गैर तहसील अथवा गैर जनपद में तैनाती किए जाने की मांग की है। साथ ही एक पीआईएल दाखिल कर दोषी अधिकारियों से सवाल जवाब कराने कार्यवाही की मांग की है।

# जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल भीरपुर में रंगा रंग कार्यक्रम से भरा रहा गणतंत्र

## बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोहा

अखंड भारत संदेश





**करछना।** जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल घोडेडीह भीरपुर करछना प्रयागराज ने 73 वें गणतंत्र पर कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए। बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम प्रारम्भ से पूर्व पूरे कम्पाउंड को सेनेटाइज किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ आर0 पी0 पांडेय निदेशक (जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल) व श्रीमती कुसुम पाण्डेय (अध्यक्ष वोमेन्स वेलफेयर सोसाइटी प्रयागराज) ने झण्डारोहण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तदोपरांत बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया। सभी कार्यक्रम एक से बढ़ कर एक रहे। ततपश्चात डॉ आर पी पांडेय ने जनपद स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर्ता टीम (जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल) को ग्यारह हजार रुपये की नकद राशि से पुरस्कृत किया, साथ ही कार्यक्रम में आये हुऐ बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों व पूरे कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ.के के शुक्ला प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम भारशिव, साधना राय, अर्चना गुप्ता, शालिनी यादव, अर्चना प्रजापति, निधि पांडेय, अनुप्रिया, संजू सिंह, नंदनी दास, शची वर्मा, बिनीता सिंह, संचित साहू ज्योति सिंह, ज्योति गोस्वामी, नीतू यादव, अंकिता यादव, रूपा सरकार, सागर चक्रवाल, विकास भारती, अमित विश्वकर्मा, अमित गुप्ता डी के शुक्ला, संजय तिवारी, रवि भूषण राय,विनोद कुमार प्रजापति,व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# दुर्गा हर्बल फार्म हाउस कबरा में मनाया गया गणतंत्र दिवस

अखंड भारत संदेश



**करछना।** दुर्गा हर्बल कृषक उत्थान ट्रस्ट गांव कबरा पोस्ट डीहा तहसील करछना प्रयागराज के द्वारा आज फार्म हाउस पर झंडारोहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें गांव के सम्मानित किसानों के साथ राष्ट्रीय पर्व 73वें गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें श्री महेन्द्र नारायण तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता व श्री त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय पूर्व जिला पंचायत सदस्य द्वारा सभी ग्रामवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और देश के वीर बलिदानी सपूतों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके द्वारा देश के लिए किए गए योगदान का वर्णन किया। ट्रस्ट के संस्थापक श्री आर पी पाण्डेय द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए युवाओं में राष्ट्र प्रेम व देश भक्ति जागृत करने के लिए अच्छे संस्कारों को ग्रहण करने को प्रेरित किया जिससे वो माता पिता व बड़ों के सम्मान के साथ साथ देश के तिरंगे के प्रति भी सम्मान का भाव रखें तभी हमारे बलिदानी सपूतों का सपना साकार होगा। इस समारोह में सर्व श्री विद्याधर मिश्रा, शेषमणी मिश्रा, चंद्र प्रकाश तिवारी,कृष्ण प्रकाश तिवारी, स्वतंत्र तिवारी, आशीष तिवारी, अशोक मिश्रा, सुरेश शुक्ला, धर्मेन्द्र तिवारी, बब्बू आदिवासी ग्राम प्रधान, नयन तिवारी, वकील केशेरवानी, कृपा केशेरवाणी, गंगा प्रजापति,पंचम प्रजापति, संजय निषाद, दया प्रजापति व अन्य ग्रामवासी आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### प्रयाग समेत अन्य रेलवे स्टेशन छावनी बने

**प्रयागराज।** रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) के नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी (एनटीपीसी) परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के मद्?देनजर शुक्रवार को प्रयाग रेलवे स्टेशन समेत अन्य स्टेशनों को छावनी में तब्दील कर दिया गया। बिहार में छात्रों के बढ़ते आंदोलन और बंदी के मद्?देजर रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के इंतजाम कड़े किए गए हैं। मंगलवार को प्रयागराज में प्रयाग स्टेशन से ही बवाल की शुरूआत हुई थी।

ऐसे में शुक्रवार को प्रयाग स्टेशन परिसर के अलावा रेलवे ट्रैक पर पुलिस की तैनाती की गई। गुरुवार को कुछ छात्रों ने पोस्टर चस्पा कर शुक्रवार को महा आंदोलन और विरोध का एलान किया था। बवाल की आशंका को देखते हुए प्रयाग के अलावा प्रयागराज जंक्शन, संगम और रामबाग रेलवे स्टेशनों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। जीआरपी, आरपीएफ के अलावा पुलिस के अधिकारी जायजा लेने पहुंचे।

# छात्रा की हत्या का खुलासा, बॉयफ्रेंड ही निकला कातिल

### मारने से पहले ब्वॉयफ्रेंड ने किया था दुष्कर्म

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कर्नलगंज में बीए की छात्रा की बेरहमी से हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मृतका के प्रेमी अमन सिंह व उसके दो साथियों को गिरफ्तार करते हुए अफसरों ने दावा किया कि उसने ही दुष्कर्म के साथ ही नाक-मुंह दबाकर छात्रा की हत्या की। इसके बाद अपने दो दोस्तों की मदद से शव ठिकाने लगाने के लिए दोबारा मौके पर भी गया।वह मृतका पर शक करता था और इसी बात को लेकर घटनास्थल पर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद ही उसने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने शाम को तीनों को जेल भेज दिया। पुलिस अफसरों के मुताबिक, मृतका के पिता की तहरीर पर नामजद केस दर्ज करने के बाद अमन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो कई अहम राज खुले। उसने बताया कि वह मृतका को पिछले 10 महीने से जानता था। वह ईश्वरशरण कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था और छात्रा भी उसके साथ पढ़ती थी।



हत्या का खुलासा करते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

कोविड के दौरान ऑनलाइन कक्षाओं के लिए बने व्हाट्सएप ग्रुप से दोनों के बीच नंबरों का आदान प्रदान हुआ और फिर कॉल, चैट के साथ ही मिलना जुलना भी शुरू हो गया। हालांकि नवंबर से उनकेरिश्ते में खटास आ गई। दरअसल अमन छात्रा पर शक करता था और इसी बात को लेकर वह उससे फोन पर गालीगलौज भी करने लगा।

### बेहोश होने के बाद किया दुष्कर्म

पुलिस के मुताबिक, 22 जनवरी की शाम 6.30 बजे के करीब अमन ने फोन कर छात्रा को किताब देने के बहाने आईईआरटी मैदान के पास बुलाया। वहां गाड़ियों की आवाजाही की वजह से वह उसे बहाने से जंगल के भीतर स्थित कुएं के पास ले गया और सीढ़ियों पर बैठकर बातचीत करने लगा। अफसरों का दावा है कि बातचीत के दौरान ही शक जताते हुए उसने फटकारना शुरू किया तो छात्रा ने पुलिस से शिकायत करने की धमकी देते हुए चीखने की कोशिश की। जिस पर उसने उसके चेहरे घूंसे मारे और इसके बाद दोनों हाथों से उसका मुंह व नाक दबा दिया। छात्रा बेहोश हो गई तो उसके साथ दुष्कर्म किया। वह शव को कुएं में फेंकने वाला था तभी कुछ लोगों ने आवाज लगाई जिस पर वह भाग निकला।

### दोस्तों के साथ दोबारा पहुंचा मौके पर

पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से भागकर वह सलोरी पहुंचा और फिर फोन से अपने साथी दीपक यादव को बुलाया। दीपक के कहने पर उनका एक अन्य साथी निखिल कनौजिया भी पहुंच गया जिसके बाद तीनों मौके पर शव को ठिकाने लगाने की नीयत से पहुंचे।

अफसरों का कहना है कि वहां शव नहीं मिला जबकि छात्रा का बैग कुएं के पास ही पड़ा था। बैग को कुएं में फेंककर तीनों वापस चले आए। अगले दिन 11 बजे के करीब अमन ने छात्रा की सहेली को फोन कर उसकेबारे में पूछा और उसके न लौटने की बात पता चलने पर फोन काट दिया।

अब तक की तफ्तीश में सामने आए तथ्यों, आरोपियों के बयान और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से यही साबित होता है कि अमन ने छात्रा को धोखे से बुलाकर दुष्कर्म व हत्या की। दीपक व निखिल ने घटना की जानकारी के बाद भी आरोपी का साथ दिया और साक्ष्य छिपाने में मदद की। तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**- अजय कुमार, एसएसपी**

### शोहदे ने शिक्षिका को किया बदनाम, तेजाब से जलाने को धमकाया

**प्रयागराज।** धूमनगंज के राजरूपपुर में रहने वाली शिक्षिका को तेजाब से जलाने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि न सिर्फ उन्हें बदनाम किया जा रहा है बल्कि शोहदा आते-जाते उन्हें परेशान भी करता है। यही नहीं उसने घर आकर भी उन्हें धमकाया।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शिक्षिका का आरोप है कि आरोपी सचिन अग्रवाल है जो उन्हें पिछले कई दिनों से परेशान कर रहा है। उनके ऊपर हमला भी कर चुका है जिसमें वह बाल-बाल बची हैं। वह उन्हें बदनाम कर रहा है और रास्ते में तेजाब की शीशी दिखाकर धमकाता है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता ने यह भी बताया है कि उसकी हरकतों से वह इतनी परेशान हैं कि दो बार खुदकुशी करने की भी सोच चुकी हैं। आरोप ये भी है कि मामले में पहले भी पुलिस से शिकायत की गई लेकिन आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।दो दिन पहले आरोपी उनके घर में आया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि कोई कार्रवाई नहीं होने से ही वह बेखौफ है। धूमनगंज पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# मानव स्वरूप अनंत ब्रह्मांड का सूक्ष्म रूप : स्वामी श्री योगी सत्यम


साधकों को चित्र के माध्यम से समझाते स्वामी श्री योगी सत्यम


क्रियायोग की शिक्षा लेते साधक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** झूंसी स्थित क्रियायोगा आश्रम में शुक्रवार को क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने प्रतिदिन की तरह साधकों को रिचार्जिंग प्रक्रिया के बारे में बताया तथा यह भी बताया कि मानव स्वरूप में संपूर्ण ब्रह्मांड सूक्ष्म रुप में है ,ठीक उसी प्रकार समाहित है जिस प्रकार एक बीज में अनंत वृक्ष समाहित है। मानव स्वरूप अनंत ब्रह्मांड का सूक्ष्म रुप है ' स्वरूप में दृश्य और अदृश्य जगत की संपूर्ण रचनाएं सूक्ष्म तरंगों के रूप में संपादित होती है। क्रियायोग गुरु ने यह भी बताया की क्रियायोग साधना के द्वारा स्वरूप में गहन एकाग्रता केंद्रित करके साधक स्वरूप में पूरे ब्रह्मांड की अनुभूत कर लेता है ' तथा स्वरूप को सीमित रूप में अनुभव करना ही माया है। इसे अज्ञान अविद्या कहा गया है। क्रियायोग साधना से माया का लोप होने पर संपूर्ण रचनाओं के सर्वज्ञ, सर्वव्यापी,सर्व शक्तिमान, अनंत और अमर स्वरूप का साक्षात्कार होता है।

### तेज रफ्तार डंपर से कुचलकर होटल मैनेजर की मौत

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में लोकसेवा आयोग चौराहे के पास बीतीरात बेकाबू डंपर की चपेट में आने से एक होटल मैनेजर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की खबर परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।अल्लापुर में तिलकनगर के रहने वाले सचिन मिश्रा (25) सिविल लाइंस स्थित होटल रीजेंसी में मैनेजर पद पर कार्यरत थे। गुरुवार की देर रात वह होटल से घर जा रहे थे। अभी वह लोकसेवा आयोग चौराहे के पास पहुंचे थे कि तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना को अंजाम देने के चालक डंपर लेकर भाग निकला। चौराहे पर तैनात सिपाही मौके पर पहुंच गए। आनन फानन उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी कि मौके पर ही मौत हो गई। जेब से मिले आईकार्ड के आधार पर उनकी पहचान हुई। जानकारी होने पर होटल के स्टाफ और परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मेधावियों को दिए गए 21 स्वर्ण पदक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मेधावियों को दिए गए 21 स्वर्ण पदक प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का आज 16वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया किया गया। इसमें मेधावी शिक्षार्थियों को कुल 21 स्वर्ण पदक किए गए, जिनमें 10 पदक छात्रों और 11 पदक छात्राओं को मिले।इसके साथ ही 19151 शिक्षार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। मुख्य अतिथि प्रोफेसर रमाशंकर दुबे ने उपाधि प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों से कहा कि वे अपने जीवन में नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों का समावेश करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अथक परिश्रम करें। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है, अतः सफलता अवश्य मिलेगी। प्रोफेसर दुबे ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थाओं की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वह समाज के विकास में सीधी भूमिका निभाएं।अपने आसपास स्थित जन समुदाय के सामाजिक आर्थिक विकास में सक्रिय योगदान करें। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को करनी थी लेकिन अपरिहार्य कारणों से वह कार्यक्रम से जुड़ नहीं सकीं। उन्हें ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ना था। मेधावियों को मेडल और शिक्षार्थियों को डिग्रियां कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने प्रदान कीं।

## रेलवे बोर्ड में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इनफारमेशन बने गौरव कृष्ण बंसल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) बैच 2000 के गौरव कृष्ण बंसल को रेलवे बोर्ड में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई हे। रेलवे बोर्ड में उन्हें एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इनफारमेशन एंड पब्लिसिटी का पद भार सौंपा गया है। सोमवार को वह दिल्ली में अपना पदभार ग्रहण कर लेंगे। गौरव बंसल प्रयागराज में रेलवे के महत्वपूर्ण पदों पर काम चुके हैं। यहां उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में सीपीआरओ, प्रयागराज मंडल में सीनियर डीओएम सामान्य के पद पर काम कर चुके हैं। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल से सहायक परिचालन प्रबंधक के पद से रेल सेवा शुरू करने वाले गौरव बंसल ने लखनऊ मंडल के बाद आगरा मंडल में सीनियर डीएसओ के पद पर कार्य किया।प्रयागराज में वह उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी) में वर्ष 2013 से 2017 तक डायरेक्टर के पद पर तैनात रहे। एनसीआर में दो वर्ष सीपीआरओ का दायित्व निभाने के बाद उनकी तैनाती भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी वदोदरा गुजरात में वरिष्ठद प्रोफेसर के रूप में हुई। प्रयागराज में लगे कुंभ के दौरान उनके द्वारा की गई रेल सेवा की रेलवे बोर्ड स्तर पर सराहना हुई। गौरव बंसल ने बताया कि वह सोमवार को दिल्ली जाकर अपना पदभार ग्रहण कर लेंगे। बता दें कि एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इनफारमेशन के पद पर अभी आरडी बाजपेयी की तैनाती थी। आरडी बाजपेयी भी एनसीआर में सीपीआरओ रह चुके हैं।

### बसपा प्रत्याशी देवेंद्र मिश्र नगरहा की गाड़ी पर बम से हमला

**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से इलाहाबाद शहर दक्षिणी के प्रत्याशी और हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र मिश्र नगरहा के ऊपर बम से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है।उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री और शहर दक्षिणी से भाजपा प्रत्याशी नंद गोपाल गुप्ता नंदी के समर्थकों पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। कहा कि घटना जिस समय हुई उस समय मंत्री की पत्नी और महापौर पत्नी अभिलाषा गुप्ता मौके पर मौजूद थीं। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बसपा प्रत्याशी शहर दक्षिणी देवेंद्र मिश्र नगरहा ने पुलिस को अपने ऊपर जानलेवा हमले की तहरीर दी। उनका आरोप है कि वह शुक्रवार को शाम 6:30 बजे शंकर डाल स्थित अपने कार्यालय पर जा रहे थे, तभी भाजपा प्रत्याशी नंद गोपाल नंदी गुप्ता के समर्थक वहां पर आतिशबाजी कर जश्न मना रहे थे।गुप्ता नंदी भी मौजूद रहीं। इसी दौरान उनके ऊपर बम से हमला हुआ तथा उनके एक समर्थक को जातिसूचक गाली देते हुए चुनाव प्रचार न करने की धमकी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों का बयान दर्ज किया। मामले की छानबीन की जा रही है।

# कोरांव सीट को बरकरार रखने को भाजपा ने आरती कोल पर लगाया दांव

### पहली बार कोरांव में कमल खिलाने वाले विधायक का कटा टिकट

### क्षेत्र के विकास के लिए सदैव रहूंगी समर्पित : आरती कोल

भारतीय जनता पार्टी से कोरांव विधानसभा 265 सुरक्षित सीट की उम्मीदवार बनी आरती कोल का कहना है कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदैव समर्पित थी और आगे भी रहूंगी। कहा कि क्षेत्र की जनता ने अपना पूरा सहयोग व समर्थन दिया और मैं विधानसभा के सदन तक पहुंची तो निश्चित तौर पर कोरांव क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने का काम करूंगी। उन्होंने एक खास बातचीत में बताया कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अति पिछड़े व दक्षिणांचल के सुदूर क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए दूरदराज जाकर भटकना पड़ता है। क्षेत्र में उच्च शिक्षा के शिक्षण संस्थानों की स्थापना के साथ साथ पाल व उपरौध क्षेत्र के किसानों की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल व नहरों की मरम्मत कराकर क्षेत्र का विकास करने का काम करूंगी।

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** भारतीय जनता पार्टी ने कोरांव सुरक्षित विधानसभा सीट को बरकरार रखने के लिए पहली बार कोराव विधानसभा सीट पर कमल खिलाने वाले लगभग 50 हजार से अधिक के अंतराल से जीते विधायक राजमणि कोल का टिकट काटकर पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रहीं व वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री आरती कोल पर अपना दांव लगाया है। 2017 के विधानसभा चुनाव में भी आरती कोल विधायक पद की प्रबल दावेदार थी। शीर्ष नेतृत्व ने 2017 में भारतीय जनता पार्टी व संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे राजमणि कोल को टिकट दिया था। राजमणि कोल ने पहली बार ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए कोरांव में कमल खिलाने का काम किया था। विधानसभा कोरांव से उम्मीदवार बनी आरती कोल विकास खंड मांडा व विधानसभा कोरांव क्षेत्र के पचेड़ा गांव की मूल निवासी हैं। आरती कोल एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार की हैं। इनके पिता स्व भाई लाल कोल दो बार विधायक व एक बार सांसद रहे हैं। इनके पति बृज बिहारी कोल खनन विभाग में कार्यरत हैं। इनको एक पुत्र और एक पुत्री हैं। पिछली बार पार्टी द्वारा टिकट न दिए जाने के बाद भी लगातार वे पार्टी हित में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करती रही जिसका नतीजा हुआ कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने विधान सभा 2022 के आम चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाया है।

## नंद गोपाल गुप्ता नंदी पर भाजपा ने जताया भरोसा,शहर दक्षिणी क्षेत्र से दिया टिकट

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधान सभा क्षेत्र से नंद गोपाल गुप्ता नंदी को फिर मैदान में उतारा है। नंद गोपाल गुप्ता नंदी दक्षिणी विधान सभा क्षेत्र से विधायक हैं। प्रयागराज शहर के बहादुरगंज मुहल्ले में 23 अप्रैल 1974 को जन्मे नंदी के पिता सुरेश चंद्र डाक विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे।मां विमला देवी घर में सिलाई, बुनाई करती थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के चलते नंदी सिर्फ हाईस्कूल तक की ही पढ़ाई करने के बाद वह स्वयं के रोजगार में आ गए। इन्होंने शुरूआती दौर में साइकिल से फेरी करके अपना जीवन यापन किया।आज राइस मिल सहित कई प्रोडक्ट इनके यहां बन रहे हैं। बनिया वर्ग के परिवेश में पले बढ़े नंद गोपाल गुप्ता नंदी का राजनीति से गहरा रिश्ता रहा है। पहली बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट से वर्ष 2007 में शहर दक्षिणी से भारी मतों से विजयी होकर विधायक, कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्यरत रहे।वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में वे इलाहाबाद दक्षिण सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार हाजी परवेज अहमद टंकी से हार गए थे। गौरतलब है की अपने मेहनत और ईमानदारी के बल पर नंद गोपाल गुप्ता नंदी यूपी के पहले ऐसे मंत्री है, जिनके निजी कार्यक्रम को गिनीज बुक में दर्ज किया गया है। 12 जुलाई 2010 को बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहते हुए नंद गोपाल गुप्ता नंदी पर रिमोट बम से कातिलाना हमला हो गया था। जिसमें उनके सुरक्षा गार्ड सहित पत्रकार की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## मौनी अमावस्या के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की मंडलायुक्त ने मेला क्षेत्र का किया भ्रमण

### नाविकों से बोटिंग के दौरान श्रद्धालुओं को अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट्स पहनाने के निर्देश


संगम नोज पर भ्रमण कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेते मंडलायुक्त व अधिकारी

**प्रयागराज।** माघ मेले के तृतीय स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की समीक्षा के दृष्टिगत मंडलायुक्त संजय गोयल ने शुक्रवार को मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभागों द्वारा की गई तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उन्होंने संगम नोज के विभिन्न स्थानों पर मेला प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य नावों की रेट लिस्ट लगाने तथा किला घाट के निकट एक एडिशनल वॉच टावर एवं पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। यह निर्देश श्रद्धालुओं को नाविकों द्वारा ठगी से बचाने तथा किलाघाट की तरफ भ्रमण कर रहे श्रद्धालुओं की निगरानी बढ़ाने के दृष्टिगत लिए गए हैं। इसके अतिरिक्त जल पुलिस के अधिकारियों को सभी नाविकों से बोटिंग के दौरान श्रद्धालुओं को अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट्स पहनाने के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करवाने को भी कहा है। नाविकों द्वारा अनुपालन ना करने पर उनकी बोट सीज करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने मेले के विभिन्न सेक्टरों पर कोविड-19 हेल्प डेस्क की संख्या बढ़ाते हुए संगम नोज के आसपास एक थर्मल स्कैनिंग सेंटर स्थापित करने के भी निर्देश दिए हैं जिससे उनकी विजिबिलिटी और बेहतर हो सके एवं श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कठिनाई ना हो। साथ ही अधिक भीड़भाड़ वाले घाटों के समीप सफाई गैंग की संख्या बढ़ाकर कूड़ा उठाने के कार्य को और सक्रियता से करने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त ने घाटों पर हर हालत में पूर्ण सफाई सुनिश्चित करने को कहा है।इसी क्रम में मंडलायुक्त ने पब्लिक टॉयलेट कंपलेक्स का भी औचक निरीक्षण कर वहां कार्यरत सफाई कर्मियों से बातचीत की। शौचालयों में अपेक्षा अनुसार सफाई ना पाए जाने पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई कर्मियों को समय-समय पर सफाई किट उपलब्ध कराने तथा सारे शौचालयों एवं यूरिनल्स को पूर्णतः साफ रखने के निर्देश दिए हैं।मंडलायुक्त ने मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी वीविंग सेंटर एवं कोविड-19 कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया तथा मेले में सुरक्षा एवं कोविड की दृष्टि से की जा रही कार्यवाही की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पुलिस विभाग के तैनात अधिकारियों को मौनी अमावस्या के स्नान के दृष्टिगत और तन्मयता से एवं अन्य विभागों के अधिकारियों से बेहतर समन्वय बनाते हुए काम करने को भी कहा है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त रवि रंजन, मेला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक मेला राजीव नारायण मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नानक सरन समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## संजय तिवारी ने प्रतापपुर की बिटिया के लिए 50 लाख का मुआवजा मांगा

**जंघई।** प्रयागराज में काजल पांडेय के साथ हुए दुष्कर्म एवं हत्या से पूरा क्षेत्र आक्रोशित है।प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के नेदुला ग्राम की होनहार छात्रा के साथ जो जघन्य अपराध हुआ दोषियों को पकड़ने और अपराध का खुलासा करने पर संतोष व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय तिवारी ने कहा है कि प्रशासन की भूमिका सराहनीय है लेकिन अभी जब तक सारे अपराधी गिरफ्तार नहीं हो जाते तब तक कांग्रेस पार्टी शांति से नहीं बैठेगी।उन्होंने कहा कि परिवार को 50 लाख का मुआवजा मिलना चाहिए और शासन प्रशासन अपराधियों के ऊपर गैंगेस्टर की कार्रवाई शामिल करें। वारी चौराहे पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए लोगों ने इस जघन्य कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा किया।इस अवसर पर मधुसूदन पांडेय, एहसान अहमद, अंकुर पांडेय, सत्यम तिवारी, सोनू दुबे, कमलेश पांडेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मेजा में अफवाहों का रुका दौर नीलम करवरिया पर लगी मुहर

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव 2022 का ऐलान होते ही मेजा विधान सभा से आधा दर्जन संभावित प्रत्याशियों ने टिकट के लिए मोर्चा खोल रखा था। भाजपा केन्द्रीय कमेटी ने विधानसभा क्षेत्र में विकास को मद्देनजर रखते हुए विधायक नीलम उदय भान करवरिया को पुनः प्रत्याशी बनाते हुए 91 प्रत्याशियों का लिस्ट घोषित कर दिया। विधायक नीलम उदय भान करवरिया को लेकर बीच-बीच में कभी शहर उत्तरी तो कभी करछना से टिकट दिए जाने के साथ ही क्षेत्रीय संभावित प्रत्याशियों को टिकट दिए जाने का शोर शराबा चलता रहा। फिलहाल शुक्रवार को केंद्रीय कमेटी ने नीलम करवरिया के नाम पर मुहर लगाते हुए दोबारा चुनाव मैदान में उतार दिया है। मेजा विधानसभा में सबसे पहले बहुजन समाज पार्टी ने सर्वेश तिवारी उर्फ बाबा को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया था, इसके पश्चात 25 जनवरी को समाजवादी पार्टी ने संदीप पटेल को अपना प्रत्याशी घोषित किया। मेजा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि आखिर भाजपा से कौन होगा प्रत्याशी.? शुक्रवार दोपहर नीलम करवरिया के नाम की घोषणा होते ही पार्टी के कार्यकताओं ने जश्न मनाते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। नीलम उदयभान करवरिया को टिकट मिलते ही भाजपा गठबंधन पार्टी अपना दल (एस) के राष्ट्रीय सचिव राजेश पटेल उर्फ बुलबुल ने खुशी जाहिर करते हुए पार्टी कार्यकताओं से भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में जुट जाने की अपील की।

# बादशाहत कायम रखने के लिए मोना को करनी होगी कड़ी मेहनत

## कांग्रेस के गढ़ में दूसरी बार नागेश पर बीजेपी ने जताया विश्वास

### पिछले चुनाव में भाजपा का बढ़ा था ग्राफ, कार्यकर्ताओ में जोश

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** बीजेपी ने रामपुर खास विधान सभा की सीट से नागेश को दूसरी बार प्रत्याशी बना कर विश्वास जताया है।बीजेपी के बढ़ते ग्राफ के आगे कांग्रेस प्रत्याशी मोना को बादशाहत बचाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।

जिले की रामपुर खास की सीट पर अब तक निर्णय आने से पहले ही कांग्रेस की जीत सुनिश्चित मानी जाती रही है।लेकिन 2014 के बाद से बीजेपी के बढ़ते ग्राफ ने कहीं न कहीं से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मुश्किलें बढ़ा दी है। 2014 के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आराधना मिश्रा मोना को 94076 हजार मत मिले थे वही निर्दल प्रत्याशी नागेश सिहं को 26397 हजार वोट मिले थे। मोना ने 67679 हजार से जीत हासिल की थी।उसके बाद 2017 के चुनाव में मोना 81463 हजार मत पाई और नागेश को 64397 हजार मत मिले। 17066 हजार वोटों से मोना के सिर ताज तो बंध गया लेकिन वोटों का टूटता बांध कही न कही चिन्ता की लकीर खींच गई। 2014 के उपचुनाव में जहां 67679 वोटो से जीत हासिल की वहीं 2017 के चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी नागेश के खिलाफ जीत का अन्तर कम होकर 17066 रह गया।


आराधना मिश्रा मोना।


छोटे सरकार।

बयालिश वर्षों से कांग्रेस की बादशात में लगी सेंधमारी मोना के लिए किसी चुनौती से कम नही है। फिलहाल एक तरफ राजनीति के कहे जाने वाले चाणक्य कांग्रेस नेता पूर्व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी का हाथ है तो दूसरी तरफ बीजेपी को अपनी जमीन मान कर नागेश सिहं है।अब परिणाम को कौन अपने पाले में लेता है यह भविष्य की बात है लेकिन जनता की चचाओं की बातों पर नजर डाले तो इसबार कांग्रेस व बीजेपी के बीच कांटे की टक्कर को माना जा रहा है।

## टाइनी शाखा संचालक पर लाखों रुपए निकालने का आरोप

**पट्टी प्रतापगढ़।** पड़ोसी जनपद जौनपुर की रहने वाली एक महिला ने पट्टी तहसील क्षेत्र के बंधवा बाजार के एक टाइनी शाखा संचालक से 100000 रुपये जबरन निकालने और उसे न देने का आरोप लगाया है ।

पड़ोसी जनपद जौनपुर असरोपुर गांव की रहने वाली गायत्री देवी का आरोप है कि बंधवा बाजार में एक टाइनी शाखा संचालक से उसने अपना खाता भारतीय स्टेट बैंक में खुलवाया था पीड़ित महिला का आरोप है कि संचालक ने 100000 रुपये निकाल लिया पैसा निकालने गई महिला को जब इसकी जानकारी हुई तो टाइनी शाखा संचालक से उसने यह बात कही तो उसने पैसा निकालने को बात स्वीकार कर उसे देने की बात कही लेकिन आज तक पैसा नहीं देने पर पीड़िता ने पट्टी कोतवाली पहुंचकर टाइनी शाखा संचालक के खिलाफ तहरीर दी है।

## महाविद्यालय की आंतरिक परीक्षा कराने के लिए प्राचार्य ने गूगलमीट से दी जानकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय से संबंध महाविद्यालयों ने आंतरिक परीक्षा के द्वितीय टेस्ट कोविड-19 एवं अवकाश के कारण असाइनमेंट के जरिए कराने का निर्णय लिया है। एमडी पीजी कॉलेज में भी प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने गूगल मीट के माध्यम से विभागाध्यक्षों के साथ ऑनलाइन बैठक की और असाइनमेंट के माध्यम से द्वितीय टेस्ट कराने के लिए कहा। ऑनलाइन बैठक में आपसी विचार विमर्श के बाद हुए निर्णय की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के सभी विषयों एवं प्रश्न पत्रों का असाइनमेंट लिख कर जमा करने हेतु छात्र- छात्राओं को निर्देशित किया गया है। असाइनमेंट का विषय सभी शिक्षक महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेषित करेंगे। जिन छात्र- छात्राओं को ग्रुप से सूचना उपलब्ध न हो पाए वे महाविद्यालय में अपने विभाग से संपर्क कर असाइनमेंट का विषय प्राप्त कर लें तथा 4 फरवरी तक सभी प्रश्न पत्रों का असाइनमेंट महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दें। बता दें कि विश्वविद्यालय ने तीन आंतरिक टेस्ट में एक आंतरिक टेस्ट असाइनमेंट से कराने की महाविद्यालयों को छूट दी है।



मनोज मिश्रा।

## देसी व विदेशी मदिरा ठेकों का किया गया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**पट्टी प्रतापगढ़।** नगर कस्बे में विधानसभा 2022 के चुनाव के मद्देनजर पट्टी के क्षेत्राधिकारी व आबकारी इंस्पेक्टर ने देसी तथा विदेशी मदिरा दुकानों का निरीक्षण किया जिसमें नारंगपुर बाजार सहित आसपास के ठेकों का निरीक्षण किया गया क्षेत्राधिकारी दिलीप सिंह के साथ आबकारी इंस्पेक्टर आनंद कुमार शुक्ला व पट्टी कोतवाल नंदलाल सिंह ने क्षेत्र के कई देसी तथा विदेशी मदिरालय का निरीक्षण किया इस दौरान शराब की गुणवत्ता जांची गई बोतलों पर लगे हुए क्यूआर कोड को स्कैन किया गया तथा स्टाक रजिस्टर के साथ उपलब्ध शराब की बोतलों की संख्या को भी जांचा गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल, रेफर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली लालगंज के सगरा सुंदरपुर बाजार निवासी भारत लाल गुप्ता का पुत्र संजय कुमार गुप्ता 30 गुरूवार की रात अपने दरवाजे पर खड़ा था। अचानक प्रतापगढ़ की ओर आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे घायल संजय को परिजन स्थानीय सीएचसी ले आये। यहां प्रारम्भिक उपचार के बाद चुटहिल की गंभीर दशा देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। व्यापारी पुत्र के दुर्घटना मे घायल होने से बाजार मे अफरातफरी का माहौल बन गया। इधर दुर्घटना को लेकर घायल के भाई विजय कुमार ने कोतवाली मे अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

## रंजिशन मारपीट मे दस के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं मे केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट को लेकर दस आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा घर मे घुसकर मारपीट व हत्या के प्रयास तथा गालीगलौज एवं धमकी समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया गया है। कोतवाली के तिलौरी निवासी हातिम अली के पुत्र फारूक ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पचीस जनवरी को सुबह साढे आठ बजे पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने उसके घर धावा बोल दिया। हॉकी डण्डे तथा सरिया व तमंचा से लैस होकर गांव के विपक्षी सोहेल, मोहिसिन, मंसूर, मासिफ, नाजिर, रियाज, जीसान तथा कन्धई थाना के बहरापुर निवासी कौशल व अयाज एवं चमरूपुर के मजहर ने उसके घर घुसकर मारपीट की। धारदार हथियार से हमले मे पीड़ित का पुत्र बेहोश हो गया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार की रात आरोपी फारूक समेत दस के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## सौतेली माता के व्यवहार से परेशान पीड़िता ने की पुलिस से शिकायत

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के बहुता गांव की एक महिला ने सौतेली माता के दुर्व्यवहार से परेशान होकर पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। गांव की रहने वाली शिफाबानो पुत्री जुबेर अहमद का आरोप है कि उसकी माता का निधन हो चुका है उसके पिता ने दूसरी शादी की है उसकी सौतेली माता उसे शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देती रहती है पीड़ित महिला का आरोप है कि विरोध करने पर वह जान से मारने की धमकी देती है।

# पट्टी से मोती सिंह, कुण्डा से सिन्धुजा, बाबागंज से केशव, रामपुर से छोटे सरकार बने भाजपा प्रत्याशी

## चार सीटो पर भाजपा ने घोषित किया प्रत्याशी, रानीगंज में असमंजस

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को घोषित प्रत्याशी में चार प्रत्याशी प्रतापगढ़ के घोषित हुए जिनमें पट्टी से पूर्व कैबिनेट मंत्री मोती सिंह फिर भाजपा ने भरोसा जताया है, कुंडा से शिवप्रकाश सेनानी की पत्नी तथा पूर्व सहकारी बैंक अध्यक्ष सिन्धुजा मिश्रा, रामपुर से नागेन्द्र सिंह छोटे सरकार और बाबागंज से केशव पासी को टिकट मिला है। केवल रानीगंज विधानसभा का टिकट अभी नहीं घोषित हुआ है। पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा के एक दिन पहले भाजपा में शामिल हो जाने से अभी भाजपा यह तय नहीं कर पायी है कि इस सीट पर विधायक धीरज ओझा या सपा से आये पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा में किसको टिकट दिया जाए इस पर मंथन चल रहा है। विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा टिकट के प्रबल दावेदार है लेकिन शिवाकांत ओझा वरिष्ठ नेता है भाजपा अभी इस बात पर मंथन कर रही है कि शिवाकांत ओझा को रानीगंज से टिकट दिया जाये या इनका उपयोग और बड़े कार्यो के लिए किया जाए। इसका फैसला भी एक दो दिन में हो जाने की आशा है वैसे जिले में सात विधानसभा सीटे है। दो बची सीटे सदर और विश्वनाथगंज की है जो अपना दल एस के कोटे में है। इन दोनो सीटो पर अपना दल एस प्रत्याशी घोषित करेंगे। सदर क्षेत्र से विधायक राजकुमार पाल अपना दल एस के फिर प्रत्याशी बन सकते है लेकिन विश्वनाथगंज में अपनादल को नया प्रत्याशी घोषित करना होगा क्योकि अपना दल एस के विधायक डा. आर.के. वर्मा अपना दल एस छोड़कर समाजवादी में चले गए इसलिए अनुप्रिया पटेल इस क्षेत्र से कोई नया प्रत्याशी उतारने के फेर में है।


मोती सिंह।



सिन्धुजा मिश्रा।

## व्यापारी विश्वनाथ के निधन पर जताया गया शोक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय बाजार के वरिष्ठ व्यापारी विश्वनाथ गुप्ता 80 का गुरूवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। विश्वनाथ के निधन पर शुक्रवार को यहां व्यापारियों मे शोक का माहौल देखा गया। सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने विश्वनाथ के निधन पर दुख जताया है। इधर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, शिवाकांत द्विवेदी, राजेश गुप्ता, रामजी जायसवाल, विनय जायसवाल, उदयशंकर दुबे, शत्रुघ्न शुक्ल, मंजू देवी आदि ने भी विश्वनाथ के निधन को दुखद ठहराया है।

## वृद्ध की मौत पर चार के खिलाफ दुष्प्रेरणा का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वृद्ध की जहर खाने से मौत पर चार आरोपियों के खिलाफ उत्पीड़न के जरिए आत्महत्या को प्रेरित करने का मुकदमा कायम किया गया है। कोतवाली के रायपुर तियांई निवासी वीरेन्द्र प्रताप सिंह के पुत्र अमित सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तेईस जनवरी को अगई छावनी गांव के लल्लू पाण्डेय के पुत्र माता प्रसाद पाण्डेय व हरिप्रसाद पाण्डेय तथा अज्ञात निवासी सुरेशचंद्र ओझा एवं उसके पुत्र पंकज ओझा ने उसके पिता को किस्त देने के बहाने खपराही गांव बुलवाया। यहां आरोपियो ने उसके पिता को गाली और धमकी देते हुए अपमानित किया। इससे पिता वीरेन्द्र सिंह ने आहत होकर जहर खा लिया। इलाज के दौरान पीड़ित के पिता की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी माता प्रसाद समेत चार आरोपियो के खिलाफ धमकी व गालीगलौज तथा आत्महत्या के लिए विवश करने का केस दर्ज किया है।

## स्कूल बंद होने से घर में बच्चो ने मनाया गणतंत्र

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्कूल कालेज बंद होने से इस बार गणतंत्र दिवस में बच्चे घर में ही तिरंगा फहराकर गणतंत्र दिवस मनाये यह अलग बात है कुछ बड़े विद्यालय तथा कुछ सरकारी विद्यालय अधिकारियो के साथ कोविड नियमो का उल्लंघन करते हुए बिना मास्क के बच्चो को बुलाकर गणतंत्र भले मनाया हो लेकिन ज्यादातर स्कूल सरकारी आदेश के तहत बंद थे। इसलिए बच्चे नहीं आये। तो बच्चो ने घर में तिरंगा लाकर उसके साथ गणतंत्र की अपनी भावना उजागर की। विवेक नगर एक छात्र रिशु पाण्डेय भी घर पर थे और घर में ही उन्होने एक तिरंगा झण्डा लेकर गणतंत्र मनाने की अपनी इच्छा की पूर्ति की। घर वालो के समझाने पर उन्होने माना की कोरोना के डर से शासन में छोटे बच्चो को स्कूल न जाने का आदेश दिया है।


घर में तिरंगे से प्यार करता एक बच्चा।

## तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी प्रतापगढ़।** गांव में तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत गांव में वार्ड के लोगों ने की है । पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उपाध्याय गांव के संतराम पुत्र रमाशंकर तालाब की जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे हैं इस संबंध में गांव वालों ने रोका और डायल 112 को फोन करके इसकी सूचना दी। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी गांव का पानी भी नाली से नहीं निकलने दे रहे हैं ग्राम प्रधान ने इस संबंध में जब मजदूरों को भेजकर नाली की सफाई के लिए भेजा तो आरोपीगण उसे मारपीट कर भगा दिया गांव वालों ने इस संबंध में थानाध्यक्ष पट्टी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## जबरन निर्माण कार्य रोकने पर शिकायत

**पट्टी प्रतापगढ़।** आबादी की जमीन पर निर्माण करने पर आरोपीगण बेवजह परेशान करने के लिए पीड़ित को रोक रहे हैं। पीड़ित ने इस संबंध में पढ़ते कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बीबीपुर बारडीह गांव के छोटेलाल पुत्र बोडई का आरोप है कि वह अपने कच्चे मकान के गिर जाने के उपरांत उस पर पिलर गार्ड कर मकान का निर्माण कर रहा है।

# भगवान राम त्याग और तपस्या अनुकरणीय मयार्दा के है अलंकरण- आचार्य देवव्रत जी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरवारा गांव मे हो रही श्री मद्दवाल्मीकीय श्रीराम कथा रामवन गमन की भावुक कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। प्रयागराज से पधारे कथाव्यास आचार्य देवव्रत जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने हर स्वरूप मे त्याग और संयम के अनुपम उदाहरण रखें है। कथाव्यास ने कहा कि मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम ने वन मे भी संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को सजग जीवन पथ का मार्गप्रदर्शन किया है। उन्होने कहा कि दुख मे भी श्रीराम ने धैर्य व संयम तथा अनुशासन के जीवन की सीख देकर समाज को सत्यपथ पर अडिग रहने का शाश्वत संदेश दिया है। कथा मे श्रीराम संकीर्तन की संगीतमयी प्रस्तुति पर श्रद्धालु पर भावविभोर हो उठे दिखे। कथा के संयोजक उमेशचंद्र उपाध्याय तथा सह संयोजिका चन्द्रावती एवं एडवोकेट अजय कुमार उपाध्याय ने कथाव्यास का अभिषेक किया। इस मौके पर हरिश्चंद्र उपाध्याय, विनोद मिश्र, राजेशचंद्र, प्रशांत कुमार, मनोज कुमार आदि रहे।


पुरवारा मे कथा सुनाते आचार्य देवव्रत जी।

## एयर इंडिया को टाटा के हाथ बेचना शर्मनाक

**प्रतापगढ़ लालगंज।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने केन्द्र सरकार के एयर इंडिया को बेचने को देश की एक बेशकीमती सरकारी सम्पत्ति की बड़ी लूट बताया है। उन्होंने आरोप लगाया है भाजपा सरकार ने एयर इंडिया को कौड़ियों के दाम बेचकर एक शर्मनाक कदम उठाया है। शुक्रवार को लालगंज कैम्प कार्यालय पर जारी बयान में कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि एयर इंडिया का महाराजा देश ही नहीं बल्कि विदेशों में हमारी शान व पहचान था, ऐसे में मोदी सरकार ने एयर इंडिया को टाटा जैसे पूंजीपति के हाथ बेचकर राष्ट्रीय अस्मिता पर चोट पहुंचाई है।

## प्राइवेट बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़ कटरा गुलाब सिंह।** जेठवारा थाना क्षेत्र के पूरे वैष्णव गांव मे बस और बाइक की आमने सामने टक्कर में एक युवक की कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय चैकी क्षेत्र के अंतर्गत पांडे का पुरवा सराय देव राय निवासी 25 वर्षीय ओम प्रकाश पटेल पुत्र विनोद कुमार बीती शाम करीब 7 बजे अपनी अपाचे बाइक से कटरा गुलाब सिंह बाजार जा रहा था पूरे वैष्णव गांव के समीप नंदा का पुरवा मोड़ पर कटरा गुलाब सिंह से इलाहाबाद चलने वाली बस से कुचलने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई तथा बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई घटना के पश्चात बस सवार वाहन लेकर अपने घर चला गया और फरार हो गया घटनास्थल पर जोरदार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ कर आए तो युवक को पहचान लिया और उसके परिजनों को सूचना दिया ओम प्रकाश पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था बड़ा भाई प्रमोद कुमार राम पूजन तथा दो छोटे भाई राम प्रकाश और शिव प्रकाश हैं ओम प्रकाश पत्नी ज्योति पटेल तथा उसके एक बेटी 2 साल इसका नाम आर्या रहा है और 4 वर्षीय बेटे का नाम आर्यन है सूचना मिलते ही स्थानी चैकी के सिपाही मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा बस का भी पता लगा कर उसको भी बरामद कर लिया। ओमप्रकाश ईट भट्ठे पर मजदूरी करता था कलसा कल शाम 7 बजे वह अपनी बाइक से घरेलू सामान खरीदने कटरा गुलाब सिंह बाजार जा रहा था कि रास्ते में अचानक बस के नीचे कुचलकर उसकी मौत हो गई पोस्टमार्टम के पश्चात आज शव को परिजनों ने गांव के ही एक शव दाह गृह में अंतिम संस्कार कर दिया।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है


अतिक्रमणकारियो को समझाते नगर पालिका कर्मचारी।

# रोडवेज से अम्बेडकर चौराहा तक हटाया गया अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर में रोडवेज बस स्टेशन से अम्बेडकर चैराहे के दोनो पटरियो पर लगने वाला अतिक्रमण शुक्रवार को एक अभियान चलाकर नगरपालिका ने हटाया। इसके अलावा कम्पनी गार्डेन के सामने फुटकर सब्जी वालो को भी नगरपालिका खदेड़ रही थी। बता दे कि कम्पनी गार्डेन के सामने लगने वाली सब्जी मंडी मीराभवन के आगे सगरा के पास स्थानान्तरित कर दी गई है। रोडवेज के आसपास सड़क के किनारे की ज्यादातर दुकाने अपने आप हटा ली गई है लेकिन जिन लोगो की दुकाने आज भी नगरपालिका को मिली उनपर 500 रूपए का जुमार्ना ठोका गया है इससे रोडवेज के आसपास जान की समस्या से निजात मिली है। बताया जाता है कि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेश जिन्द स्वच्छ मिशन भारत के अरूण कुमार सिंह व आशीष मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, ओपी शुक्ला आदि जेसीबी व टैक्टर लेकर अपरान्ह में रोडवेज बस स्टेशन के पास पहुंचे और अम्बेडकर चैराहा के सड़क के दोनो तरफ की गुमटियां हटाने लगे इससे हड़कम्प मच गया। सफाई निरीक्षक ने बताया कि कम्पनी गार्डेन के सामने कुछ फुटकर सब्जी विक्रेता आने का प्रयास करते है उन पर भी नगरपालिका निगाह रख रही है। उन्होने बताया कि जिलाधिकारी डा. नवीन बंसल तथा नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह का स्पष्ट आदेश है कि अभियान चलाकर सड़क साफ सुथरी रखी जाये जिससे जान की समस्या न उत्पन्न हो।

### कम्पनी बाग के सामने छुट्टा दुकानदारो को भी खदेड़ा

## संपादक की कलम से

# जानें व्हाट्सएप के बारे में

**आज** आप सबसे ज्यादा व्हाट्सएप पर एक्टिव हैं। इस मैसेंजर सेवा के बारे में आप बहुत कुछ जानते हैं लेकिन फिर भी इसके कई फीचर्स हैं जिनकी जानकारी शायद आपको न हो। आगे हमने व्हाट्सएप के ऐसे ही 21 फीचर्स की जानकारी दी है जिसके माध्यम से आप इसके बारे में सबकुछ जान सकते हैं। वहीं इसमें व्हाट्सएप का डेस्कटॉप उपयोग और बिना सिम के उपयोग का तरीका भी समझाया गया है।

कैसे करें मैसेज को बुकमार्क- मेल की तरह व्हाट्सएप में भी आप मैसेज को बुकमार्क कर सकते हैं। व्हाट्सएप उपभोक्ता मैसेज को बुकमार्क करने के लिए उसे थोड़ी देर तक टैप कर रखना पड़ेगा। इसके साथ ही कुछ ऑप्शन खुलकर सामने आ जाएंगे। मेन्यू में एक स्टार भी होगा। बुकमार्क करने के लिए अपको स्टार को टच करना है। बुकमार्क का यह फीचर व्हाट्सएप ग्रुप पर भी उपलब्ध है। बुकर्माक किए गए मैसेज को आप व्हाट्सएप मेन्यू में स्टार्ड मैसेज से देख सकते हैं।

लॉक स्क्रीन में व्हाट्सएप विजेट्स का उपयोग- आप यदि व्हाट्सएप सेवा से हमेशा जुड़े रहना चाहते हैं और चाहते हैं कि व्हाट्सएप पर भेजा गया मैसेज तुरंत मिले और उसी समय आप उसका रिप्लाई भी कर सकें। चाहे स्क्रीन लॉक ही क्यों न हो तो आप व्हाट्सएप नोटिफिकेशन को लॉक स्क्रीन में सेट कर सकते हैं। ऑफ स्क्रीन व्हाट्सएप नोटिफिकेशन को ऑन करने के लिए व्हाट्सएप की सेटिंग में जाकर नोटिफिकेशन का चुनाव करना होगा ओर यहां से आप पॉपअप नोटिफिकेशन को वेन स्क्रीन ऑफ को ऑन कर दें। हालांकि एंडरॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम 4.4 या इससे नीचे के संस्करण वाले फोन के लिए सेटिंग में जाकर लॉक स्क्रीन का चुनाव करना है। यहां से कस्टम विजेट्स बॉक्स पर टिक करे दें। अब अपने फोन की स्क्रीन लॉक कर साइड में स्वाइप करें। आपको तब तक स्वाइप करना है जब तक लॉक स्क्रीन में . का निशान न आ जाए। प्लस का निशान आते उस पर क्लिक करें और लिस्ट में व्हाट्सए को क्लिक करे दें।

ईमेल चैट- व्हाट्सएप चैट को आप इमेल भी कर सकते हैं। चैट ईमेल का विकल्प आपको चैट सेटिंग में भी मिलेगा।

# क्या हो चुकी है 'खदेड़ा होबे' की शुरूआत?

-निर्मल रानी-




**समाजवादी** पार्टी नेता व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के समीप संडीला कस्बे के सागरगढ़ी झावर में गत 28 नवम्बर को एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुये कहा था कि जिस तरह पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने 'खेला होबे' का नारा दिया था उसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश में सन- 2022 के चुनावों में भाजपा के लिए 'खदेड़ा होबे' का नारा दिया गया है। उधर उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से अनेक बड़े नेताओं का भाजपा से मोह भंग होना, मंत्री पद त्यागना और इनमें से अनेक नेताओं का समाजवादी पार्टी की शरण में जाना और इन सबसे भी महत्वपूर्ण विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा नेताओं के विरुद्ध उमड़ता जनाक्रोश व इनका निरंतर होने वाला विरोध आखिर किस ओर इशारा कर रहा है?

वैसे तो भाजपा नेताओं के विभिन्न क्षेत्रों से 'खदेड़े' जाने की शुरूआत किसान आंदोलन के दौरान उसी समय हो चुकी थी जब भारतीय जनता पार्टी आला कमान की ओर से अपने मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों, सांसदों व विधायकों को यह निर्देश दिये गये थे कि वे किसान आंदोलन से प्रभावित राज्यों व क्षेत्रों में जनता के बीच जाकर तीनों कृषि कानूनों के सकारात्मक पहलुओं को समझायें। इसके बाद पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अनेक भाजपा नेताओं ने यहां तक कि मुख्यमंत्री, उप मुख्य मंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसदों व विधायकों ने जैसे ही पार्टी आलाकमान के इस निर्देश पर अमल करना शुरू किया उसी समय अधिकांश क्षेत्रों से इन नेताओं के खदेड़े जाने की खबरें आनी शुरू हो चुकी थीं। कई जगह तो कई 'हाई प्रोफाइल' नेताओं को किसानों के गुस्से का ऐसा सामना करना पड़ा कि किसी को लुक छुप कर भागना पड़ा, किसी को दीवार कूद कर भागना पड़ा तो किसी को उनके अंगरक्षकों ने अपनी जान पर खेल कर बचाया।

इसी सिलसिले के अंतर्गत केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, राज्य मंत्री भूपेंद्र सिंह तथा बुढाना के विधायक उमेश मलिक सहित भाजपा के अनेक नेता खाप चौधरियों से मिलने शामली इलाके में पहुंचे थे। शामली के भैंसवाल गांव में स्थानीय लोगों द्वारा इन नेताओं व भाजपा के विरुद्ध नारेबाजी करते हुये इन्हें गांव में घुसने से रोका गया था। ग्रामीणों ने रास्तों में ट्रैक्टर अड़ाकर कई जगह इन नेताओं का काफिला रोक दिया और भाजपा व इनके मंत्रियों के विरुद्ध मुदार्बाद के नारे लगाए थे। भैंसवाल गांव में खाप चौधरियों ने तो भाजपा प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं से मिलने तक से मना कर दिया था। इस तरह का चौतरफा विरोध और 'खदेड़ा होबे ' की वीडीओ वायरल होते देख भाजपा ने पूरी समझदारी का परिचय देते हुए अपना ' किसान समझाओ अभियान ' उसी समय तत्काल रूप से बंद कर दिया था बल्कि बाद में सरकार ने किसानों को समझाने के बजाये स्वयं में ही 'समझ पैदा 'कर इन विवादित कानूनों को ही वापस ले लिया था। अब कृषि कानून तो सरकार ने जरूर वापस ले लिये परन्तु सरकार व भाजपा किसानों का विश्वास जीत पाने असफल रही है। किसान समझ रहे हैं कि उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में होने वाले चुनावों के मद्देनजर ही सरकार ने यह कानून वापस लिये हैं। लिहाजा अभी भी किसान जगह जगह भाजपा नेताओं का 'खदेड़ा ' करने में लगे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 58 सीटों पर पहले चरण में 10 फरवरी को मतदान होना है। प्रत्येक पार्टी प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुट गये हैं। चुनाव आयोग ने चूँकि कोरोना महामारी के दृष्टगत बड़ी चुनावी रैलियों, सभाओं व रोड शो पर रोक लगा दी है इसलिये सभी प्रत्याशी मतदाताओं के द्वार द्वार जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। मतदाताओं के दरवाजों पर जाकर वोट माँगना भी भाजपा प्रत्याशियों को भारी पड़ रहा है। पिछले दिनों खतौली के भाजपा विधायक विक्रम सैनी अपने चुनाव प्रचार हेतु जब मुनव्वरपुर गांव पहुंचे तो स्थानीय लोगों की भारी भीड़ ने उन्हें घेर लिया। उनके विरोध जमकर नारेबाजी की। विधायक व उनके सहयोगियों द्वारा आक्रोषित ग्रामीणों को समझाने की भी कोशिश की गयी परन्तु ग्रामीण लोग शांत नहीं हुये। कुछ गुस्साये लोगों ने तो गाली गलौच तक की। सुरक्षाकर्मियों ने बमुश्किल उन्हें ग्रामीणों के क्रोध से बचाते हुये गाड़ी में बिठाया। आखिरकार सैनी को अपना प्रचार बीच में ही छोड़कर वापस जाना पड़ा।

इसी प्रकार पिछले दिनों उत्तवर प्रदेश के उपमुख्यकमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जब प्रत्याशी घोषित होने के बाद शनिवार को पहली बार अपने चुनाव क्षेत्र सिराथू विधानसभा क्षेत्र के गुलामीपुर गांव पहुंचे तो वहां उन्हें महिलाओं के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। गांव की महिलाओं ने मौर्य को देखते ही अपने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। आक्रोशित महिलाओं ने उनके विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और उन्हें घर में प्रवेश तक नहीं करने दिया। इसी प्रकार के समाचार विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त हो रहे हैं। निश्चित रूप से जनता के इस तरह के 'खदेड़ा अभियान ' ने सत्तारूढ़ दल को बेचैन कर दिया है। जनाक्रोश का आलम तो यह है कि यदि इन 'माननीयों ' के साथ सुरक्षा कर्मी न हों और इनमें 'दुम दबाकर भागने ' जैसे 'गुण ' न हों तो किसी तरह की अनहोनी भी घट सकती है। क्या यह हालात इस बात की ओर इशारा नहीं करते कि 'खदेड़ा होबे ' की शुरूआत हो चुकी है?

# चुनाव उत्तर प्रदेश में और भूचाल बिहार में !

-उपेन्द्र प्रसाद-

**उत्तर** प्रदेश के चुनावी नतीजे आने के बाद बिहार में भाजपा क्या करेगी, उसकी पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के 73 विधायक बन कर आए थे और जदयू के महज 43 विधायक। इस बात को भाजपा नहीं पचा पा रही है कि ज्यादा विधायक होने के बावजूद उसका मुख्यमंत्री वहां क्यों नहीं है। लेकिन वह नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए रखने के लिए विवश है, क्योंकि वह अपने दम पर बहुमत की संख्या नहीं प्राप्त कर सकती। उसे या तो भारी संख्या में जदयू और कांग्रेस के सांसदों को तोड़ना होगा या विधानसभा का चुनाव करवाकर बहुमत हासिल करना होगा।

उत्तर प्रदेश का चुनाव बिहार की राजनीति की धड़कनें बढ़ा रहा है। इसने न केवल सत्तारूढ़ भाजपा और जदयू के बीच तनाव पैदा कर दिया है, बल्कि जदयू की आतंरिक राजनीति को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल नीतीश सरकार पर उस तरह आक्रामक हो गए हैं, जो पहले कभी बिहार में देखा नहीं गया था। गिरिराज सिंह जैसे नेता जब कभी नीतीश और उनकी सरकार की आलोचना करते थे, तो नीतीश कुमार और उनके लोग भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व से उनकी शिकायत करते थे और प्रायः केन्द्रीय नेतृत्व गिरिराज सिंह का मुंह बंद करवा देते थे। गिरिराज सिंह के वे बयान निजी हैसियत से दिए जाते थे, क्योंकि वे किसी पार्टी पद पर नहीं थे।

संजय जायसवाल तो प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष हैं और उन्होंने एक मुद्दे पर नहीं, बल्कि कई मुद्दों पर नीतीश सरकार और उनकी पार्टी की आलोचना की। जब जदयू के अध्यक्ष ललन सिंह अशोक के मुद्दे पर अपनी राय और मांग को प्रधानमंत्री के ट्विटर एकाउंट से टैग कर रहे थे, तो भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जदयू नेता प्रधानमंत्री के साथ ट्विटर ट्विटर का खेल बंद करें। उसके पहले वे बिहार के लिए विशेष दर्जे की मांग की नीतीश सरकार की जिद का भी विरोध कर चुके हैं।

शराबबंदी के मसले पर तो अध्यक्ष जायसवाल ने विरोध में मुख्य विरोधी दल के नेता तेजस्वी यादव को भी पीछे छोड़ दिया। उनके लोकसभा क्षेत्र में विषाक्त शराब पीने से कुछ लोगों की मौत हुई थी। जायसवाल उनके परिवारों के बीच संवेदना व्यक्त करने गए थे और परिवारों को वित्तीय सहायता भी दी थी। जदयू के नेता जायसवाल की उस दरियादिली का विरोध कर रहे थे कि इससे शराबबंदी कानून के लागू करने में दिक्कत होती है। उनके कहने का मतलब था कि शराब पीकर मरने वालों के परिवार सहानुभूति के लायक नहीं हैं। कुछ दिन बाद ही नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में भी जहरीली शराब पीने से कुछ लोगों की मौत हुई। जायसवाल ने खुद नीतीश कुमार पर ताना मारा कि वे अब मृत लोगों के परिवारों को जेल में डाल दें।

जाति जनगणना के मसले पर भी भाजपा और जदयू में मतभेद बना हुआ है। नीतीश कुमार जाति जनगणना कराना चाहते हैं, लेकिन भाजपा करवाने नहीं दे रही है। वैसे बिहार विधानसभा के में भाजपा विधायकों ने जाति जनगणना के पक्ष में मतदान किया था और भाजपा के नेता सुशील मोदी कहते रहे हैं कि केन्द्र सरकार जाति जनगणना नहीं कराएगी और राज्य सरकार चाहे तो खुद करा ले। लेकिन भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के इशारे पर बिहार भाजपा के नेता इसका विरोधकर कर रहे हैं।

उपरोक्त घटनाओं को देखकर कोई कह सकता है कि वह बिहार का आंतरिक संघर्ष है और उसका उत्तर प्रदेश चुनाव से क्या लेना देना? लेकिन वास्तव में इन घटनाओं का उत्तर प्रदेश चुनाव से लेना देना है। उत्तर प्रदेश के चुनावी नतीजे आने के बाद बिहार में भाजपा क्या करेगी, उसकी पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के 73 विधायक बन कर आए थे और जदयू के महज 43 विधायक। इस बात को भाजपा नहीं पचा पा रही है कि ज्यादा विधायक होने के बावजूद उसका मुख्यमंत्री वहां क्यों नहीं है।

लेकिन वह नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए रखने के लिए विवश है, क्योंकि वह अपने दम पर बहुमत की संख्या नहीं प्राप्त कर सकती। उसे या तो भारी संख्या में जदयू और कांग्रेस के सांसदों को तोड़ना होगा या विधानसभा का चुनाव करवाकर बहुमत हासिल करना होगा। ऑपरेशन लोटस चलाकर भी भाजपा वहां अपनी सरकार बनवाती है, तो खाली सीटों पर हुए उपचुनावों में उसे अपने उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करवाना होगा। बिहार की जमीन पर वह नीतीश के साथ के बिना चुनाव जीत सकती है, इसका आत्मविश्वास उसके पास नहीं है, इसलिए वह नहीं चाहते हुए भी भाजपा को ढोने के लिए विवश है।

पहले भाजपा नेता पश्चिम बंगाल चुनाव के नतीजों का इंतजार कर रहे थे। यदि वहां भाजपा जीतकर अपनी सरकार बना लेती, तो वह बिहार में ऑपरेशन लोटस चलाकर अपनी सरकार बना सकती थी। बंगाल के जीत के बाद उसे आत्मविश्वास होता कि बिहार में भी वह नीतीश के बिना राजद को हरा सकती है। बंगाल में तो वह हार गई और नीतीश सरकार को जीवनदान मिल गया। अब वह उत्तर प्रदेश की ओर देख रही है। यदि वहां उसे भारी जीत मिलती है, तो फिर बिहार में वह तोड़-फोड़ की राजनीति कर अपनी सरकार बनाने की सोच सकती है और बिहार में भाजपा जिस तरह से नीतीश पर आक्रामक हो रही है।

# आजादी के बाद : कैसे खत्म हो बेरोजगारी

-पी. एस वोहरा-




**हमारे** मुल्क में आजादी के बाद से लेकर अब तक की सभी पीढ़ियां बेरोजगारी से निपटने के लिए अपने भाग्य को ही एकमात्र सहारा समझती रही हैं। जबकि लोकतांत्रिक तरीके से चुनकर आने वाली हर सरकार की प्राथमिकता में यह मुद्दा होता है, लेकिन बेरोजगारी खत्म होती नहीं दिखती। वर्तमान परिदृश्य की ही बात की जाए, तो पिछले महीने तक भारत में बेरोजगारी की दर सात प्रतिशत से अधिक थी। शहरी क्षेत्र में ये दर 9.30 प्रतिशत थी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 7.28 प्रतिशत थी। वहीं मई, 2021 में तो इसकी दर 12 प्रतिशत के आसपास रही है।

उस समय शहरी क्षेत्र में यह लगभग 15 प्रतिशत हो गई थी और ग्रामीण क्षेत्र में 11 प्रतिशत थी। यहां पर यह कहना भी उचित प्रतीत होगा कि उस समय कोरोना की द्वितीय लहर का असर मुख्य रूप से था, परंतु दिसंबर के महीने के बेरोजगारी दर के आंकड़ों के लिए कोरोना को दोष देना अनावश्यक प्रतीत होता है। राज्यों की बात की जाए, तो दिसंबर के माह में हरियाणा में बेरोजगारी की दर सबसे अधिक 34.1 प्रतिशत थी। वहीं दूसरे नंबर पर राजस्थान था, जहां पर यह 27 प्रतिशत रही है। उसी तरह 10 से 20 प्रतिशत की बेरोजगारी की दर वाले राज्यों में झारखंड, बिहार, त्रिपुरा व गोवा मुख्य थे। निश्चित रूप से ये आंकड़े हमें भयभीत करने वाले हैं। अगर विश्लेषणात्मक अध्ययन के माध्यम से इसे समझने की कोशिश की जाए, तो यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि आर्थिक विकास की गलत नीतियों का चयन ही बेरोजगारी की समस्या का मुख्य कारण है। अगर इतिहास के पन्नों को टटोलने की कोशिश करेंगे, तो यह पाएंगे कि किसी भी पंचवर्षीय योजना में बेरोजगारी के निदान को एकमात्र उद्देश्य नहीं बनाया गया है। इस बात पर गौर करना होगा कि कृषि क्षेत्र की लगातार अनदेखी भी एक गलत आर्थिक निर्णय था। आजादी के बाद से लगातार इस क्षेत्र का आर्थिक अंशदान कम ही होता चला गया। वर्तमान समय में यह उस बिंदु पर खड़ा है, जो इस क्षेत्र पर निर्भर रहने वाले लोगों की दयनीय आर्थिक स्थिति को खुद ब खुद स्पष्ट करता है। आज भी मुल्क की 50 प्रतिशत जनसंख्या कृषि क्षेत्र पर निर्भर है, परंतु कृषि क्षेत्र मात्र 15 से 20 प्रतिशत का ही अंशदान दे रहा है, तो यह समझा जा सकता है कि सबसे अधिक बेरोजगारी कृषि क्षेत्र में ही है। बेरोजगारी की समस्या के निराकरण हेतु मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर या उत्पादन क्षेत्र को बहुत पहले ही मुख्यधारा में ले आना चाहिए था, पर ऐसा नहीं हुआ। इसका अंतिम परिणाम यह है कि आज भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में रहने वाले लोगों के पास भारत जैसे विशाल मुल्क में कृषि के अलावा आय का कोई अन्य स्रोत नहीं है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश में आत्मनिर्भरता का एक मुख्य स्रोत बन सकता है तथा बहुत हद तक इससे बेरोजगारी की समस्या का निदान भी संभव हो सकता है। इस पक्ष पर भी गौर किया जाए कि पिछले चार दशकों से लगातार अर्थव्यवस्था का संचालन कर रहा सर्विस सेक्टर भी बेरोजगारी के निवारण का मुख्य विकल्प नहीं बन पाया है। आंकड़े बताते हैं कि अर्थव्यवस्था में 60 से 70 प्रतिशत अंशदान देने वाला सर्विस सेक्टर मात्र 30 से 35 प्रतिशत जनसंख्या को ही रोजगार के विकल्प दे रहा है। सर्विस सेक्टर की पहुंच अब भी ग्रामीण क्षेत्रों व छोटे शहरों तक नहीं बनी है। भारत का ऐसा युवा, जो आईटी क्षेत्र में पारंगत नहीं है, उसके लिए इस क्षेत्र में कोई रोजगार का स्रोत उपलब्ध नहीं है। तस्वीर का एक अन्य पक्ष यह भी है कि पिछले तीन दशकों से सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते दबदबे से हर मां-बाप व अभिभावक पर अपने बच्चों के लिए इस क्षेत्र की महंगी शिक्षा को हासिल कराने का एक अनावश्यक दबाव बना है। व्यवहारिक तौर पर देखा जाए, तो बेरोजगारों की बढ़ती संख्या के पीछे हमारे देश की कमजोर शैक्षणिक व्यवस्था भी है। हमारी शिक्षा हकीकत में विद्यार्थियों में न तो सामाजिक नेतृत्व करने की क्षमता को विकसित कर रही है।

# पाक खुद पहल क्यों नहीं करता?

-डॉ. वेदप्रताप वैदिक-



**पाकिस्तान** ने अभी-अभी नई सुरक्षा नीति प्रचारित की थी, जिसमें भारत से सहज संबंध बनाने की वकालत की गई थी और अब उसने भारतीय विदेश मंत्रालय को एक नया प्रस्ताव भेजा है। इस प्रस्ताव में भारत से मांग की गई है कि पाकिस्तान के मुस्लिमों, हिंदुओं और सिखों को अपने-अपने तीर्थों में जाने की हवाई सुविधा दी जाए। यानी लाहौर और कराची हवाई अड्डों से उड़ने वाले पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस के विशेष जहाजों से उन्हें भारत आने दिया जाए। तीर्थयात्रियों को वीजा भी दिए जाएं!

यह मांग पाकिस्तान की हिंदू कौंसिल के नेता रमेश वंकवानी ने एक पत्र में की है, जिसे पाकिस्तानी उच्चायोग ने हमारे विदेश मंत्रालय को सौंपा है। इसका अर्थ क्या हुआ? यही न, कि पाकिस्तानी सरकार इस मांग का समर्थन करती है। यह तो बहुत अच्छी बात है। पाकिस्तान सरकार के इस रवैए का स्वागत किया जाना चाहिए लेकिन इमरान सरकार ऐसी मांग का समर्थन करने के पहले यह क्यों नहीं बताती कि उसने पिछले माह भारतीय तीर्थयात्रियों को पाकिस्तानी एयर लाइंस के जहाजों से पाकिस्तान क्यों नहीं जाने दिया? नवंबर में उसने शारजा-श्रीनगर उड़ानों को भी अनुमति नहीं दी।

2019 से ही पाकिस्तानी उड़ानों पर पाकिस्तान ने प्रतिबंध थोप रखा है। अब पाकिस्तान अपने तीर्थयात्रियों की हवाई उड़ानों का समर्थन कर रहा है लेकिन 1947 से अभी तक उन्हें सिर्फ थलमार्ग से ही जाने की अनुमति थी। हिंदू तीर्थयात्री नवंबर में लंदन, दुबई और स्पेन आदि से तो जहाज की यात्रा करके पेशावर पहुंचे थे लेकिन भारतीयों पर वह प्रतिबंध अभी तक कायम है।

भारत तो मुस्लिम तीर्थयात्रियों को अजमेर शरीफ, निजामुद्दीन दरगाह और अन्य जगहों पर जाने के लिए जहाज-यात्रा की सुविधा दे देगा लेकिन पाकिस्तान भी तो कुछ उत्साहवर्द्धक इशारा करे। उसका हाल तो इतना विचित्र है कि उसे अफगानिस्तान के मुस्लिम भाइयों की जान की भी परवाह नहीं है।

# छुट्टियों को यादगार बनाना है तो जाएं मदिकेरी

**इलाइची**, काली मिर्च, शहद और फूलों की खुशबू वाला शहर मदिकेरी कर्नाटक के कूर्ग जिले में है। जिसकी ऊंचाई समुद्र तल से 1525 मीटर है। दैनिक भास्कर की खबर के अनुसार, यहां की पहाड़ियां, ठंडी हवाएं, हरे जंगल, कॉफी के बागान मदिकेरी का अट्रैक्शन हैं। यह साउथ इंडिया का एक खूबसूरत हिल स्टेशनों में से एक है। मदिकेरी को मडिकेरी, मधुकेरी और मरकरा के नाम से भी जाना जाता है।

मदिकेरी किला- किले के भीतर महल बना है। अंदर स्थित वीरभद्र मंदिर को अंग्रेजों ने तुड़वा दिया था और इसकी जगह चर्च बना दिया था। फिलहाल इस चर्च की जगह एक म्यूजियम खड़ा है। 1933 में यहां क्लॉक टॉवर और पोर्टिको बनाया गया था।

अब्बे झरना- यह झरना शहर से 7-8 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां एक संकरा सा रास्ता है, जिससे गुजरकर सैलानी कॉफी के बागानों तक पहुंच सकते हैं और मसालों के एस्टेट भी देख सकते हैं। 50 फीट की ऊंचाई से गिरते पानी को देखना मन को खुश कर देता है।

राजा की सीट- यहां से राजा सूरज को उगते व डूबते देखा करते थे और इस पॉइंट को साउथ का बेस्ट व्यू पॉइंट माना जाता है। यहां से ऊंचे पहाड़, हरी-भरी वादियां, चावल के खेत के जबर्दस्त नजारे दिखते हैं। यहां से मैंगलोर की सड़क का नजारा वैली में घुमावदार रिबन की तरह सबसे अद्भुत दिखता है।

इस एरिया का लगभग 33 प्रतिशत हिस्सा जंगल से घिरा है। इन राहों से गुजरते हुए आपका सामना अचानक ही जंगली जानवरों से भी हो सकता है। यहां से महज 80 किलोमीटर की दूरी पर नागरहोल वाइल्डलाइफ सेंचुरी है, जहां फ्लोरा और फॉना की खासी वैराइटी देखी जा सकती है।

नागरहोल के अलावा तालकावेरी, पुष्पागिरि और ब्रह्मागिरी की छोटी लेकिन पक्षियों व जानवरों से भरी सेंचुरियां भी देख सकते हैं। ये सभी मदिकेरी से 75 किलोमीटर की रेंज में हैं। यहां पर एक दिन में जाकर वापस आया जा सकता है। अक्टूबर से अप्रैल के बीच का टाइम यहां जाने के लिए बेस्ट है। इस दौरान आप बेहतरीन मौसम में जमकर घुमक्कड़ी और दूसरी एक्टिविटीज इंजॉय कर सकते हैं।

# सामंजस्य बनाकर आगे बढ़ना ही विकास की सही दिशा..

-डॉ.प्रवीण तिवारी-

**हर बदलते** साल के साथ भविष्य को देखने का नजरिया भी बदलता है। माइक्रोसॉफ्ट के एक पूर्व वरिष्ठ इंजीनियर से बातचीत के दौरान 2007 की घटना का जिक्र उन्होंने किया। उस समय 2020 का एक विजन उनके सामने रखा गया था। उस वक्त स्मार्टफोन का दौर नहीं आया था और एप्लीकेशन के बारे में तो लोग दूर दूर तक नहीं जानते थे। फेसबुक के बजाय ओरकुट चलता था। उस मीटिंग में बताया गया कि बहुत तेजी से वह समय आएगा, जब 2020 तक सारे काम मोबाइल फोन से होने लगेंगे। अस्पताल, एयरपोर्ट में एंट्री जैसे कई काम मोबाइल पर ही हो जाएंगे। निश्चित तौर पर वह बहुत हद तक ये विजन जमीन पर आ गया। कुछ कमी हमेशा रह जाती है। जापान में बुलेट ट्रेन 1964 से चल रही है लेकिन दुनिया के कई हिस्सों में आज भी ट्रांसपोर्ट बहुत धीमी गति से चल रहा है। भारत के विकास की बात करें तो हमारे यहां ज्यादातर चीजें दुनिया में विकसित होने के बहुत बाद सामने आती हैं। वह चाहे ट्रांसपोर्टेशन हो, इंफ्रास्ट्रक्चर हो या दूसरी चीजें। यह पहला मौका है जब हम बहुत तेज गति से विकास कर रहे हैं। सबसे पहले हमें अपनी मूलभूत चीजों को सुधारना है। जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा आदि इत्यादि। इसी तरह इनोवेशन और वैज्ञानिक सोच का विकास करने के लिए युवाओं को एक आधार देने की आवश्यकता है। पूरे मानव सभ्यता के विकास की बात करें तो आने वाले समय में कम्यूनिकेशन का और तेज होना, वर्चुअल रियलिटी का जीवन में और प्रभाव होना, ट्रांसपोर्टेशन का और तीव्र होना ऐसी बहुत सी चीजें होंगी जो सामान्य बदलाव हैं। कुछ बदलाव है जो रहस्यमई तरीके से सामने आते हैं। निश्चित तौर पर विज्ञान मानव जीवन को और सरलीकृत करेगा लेकिन साथ ही साथ प्रदूषण, प्रकृति का दोहन जैसी चुनौतियां हमेशा विज्ञान के विकास पर प्रश्नचिन्ह खड़े करती रहती हैं। ऊर्जा के नए स्रोतों की तरफ बढ़ना और पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भरता का धीरे-धीरे खत्म होना, एक महत्वपूर्ण विकास होगा। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में और ज्यादा कार्य किए जाने की आवश्यकता पहले से ही महसूस की जा रही है। यह सब बाह्य जगत का विकास है। भारत हमेशा से अध्यात्म की भूमि रहा है और आंतरिक विकास को ज्यादा महत्व दिया गया है। लेकिन एक समय था जब आध्यात्मिक यात्रा के साथ-साथ विज्ञान की यात्रा भी सतत चलती रहती थी। आज जिन भास्कराचार्य, वराहमिहीर आर्यभट्ट, आदि का नाम हम याद करते हैं, यह अपने जमाने के अद्वितीय वैज्ञानिक थे। पतंजलि जैसे महान योग शास्त्री ने भी वैज्ञानिक तरीके से मानव मस्तिष्क के विकास पर कार्य किया था। भारत वह पहली भूमि रही जिसने मनुष्य के मस्तिष्क को प्रकृति का सबसे बड़ा सृजन माना और उसके विकास पर कार्य किया। आज विज्ञान के क्षेत्र में हमारे पास मौलिक विचारों की कमी बताती है कि हम अपनी उन जड़ों से कट चुके हैं। आंतरिक जगत का विकास आज भी महत्वपूर्ण है और इसमें कभी कोई परिवर्तन नहीं होता है। हमेशा भीतर जाकर स्वयं को समझने की संभावनाएं हर किसी के पास होती हैं, लेकिन बाह्य जगत के विकास के साथ-साथ आंतरिक यात्रा की संभावनाएं कमजोर भी पड़ती हैं।

शायद यही वजह रही कि हमारे यहां पूजा पाठ और धर्म अध्यात्म की एक गहरी जड़ तो है लेकिन उसके वैज्ञानिक पहलुओं से हम उतने ही दूर होते जा रहे हैं। भारत में यदि विज्ञान की पुरानी परंपरा को जीवित करना है, तो हमें अपने शिक्षा संस्थानों को और समृद्ध करना होगा। पुरातन परंपरा के अनुरूप मस्तिष्क विकास पर अधिक कार्य करना होगा। योग आदि की परंपरा को सर्वसामान्य के जीवन में पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। खासतौर पर युवा छात्रों को नशाखोरी और पाश्चात्य संस्कृति की नकल से बाहर निकाल कर अपनी समृद्ध परंपरा से जोड़ने की आवश्यकता है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और निश्चित तौर पर यदि हमारी युवा शक्ति को सही मार्गदर्शन मिलेगा तो हम आने वाले 10-20 सालों में दुनिया की सबसे बेहतरीन शक्ति के तौर पर उभर सकते हैं।

## नकली टीकाकरण पास का इस्तेमाल करने वाले जर्मनी के दो फुटबॉल कोचों पर प्रतिबंध

**फ्रैंकफर्ट।** कोरोना वायरस टीकाकरण का फर्जी रिकॉर्ड रखने वाले जर्मन फुटबॉल के दो कोचों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जर्मन फुटबॉल महासंघ की अनुशासन समिति ने वेरडेर ब्रेमेन के पूर्व मुख्य कोच मार्कस अनफांग और उनके सहायक फ्लोरियन जंजी पर प्रतिबंध लगा दिया है जिन्होंने पिछले साल फर्जी पास बनवाये थे जिनमें लिखा था कि उनका पूरा टीकाकरण हो चुका है। महासंघ ने कहा कि इन दोनों ने क्लब में कोरोना जांच से बचने और किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद पृथकवास से बचने के लिये ऐसा किया।

## मिस्र, भूमध्यवर्ती गिनी अफ्रीकी कप के क्वार्टर फाइनल में

**डोआला (कैमरून)।** मोहम्मद सालाह ने निर्णायक पेनल्टी पर गोल किया जिसकी मदद से मिस्र ने आइवरी कोस्ट को पेनल्टी शूटआउट में 5.4 से हराकर अफ्रीकी कप आफ नेशंस फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भूमध्यवर्ती गिनी ने भी पेनल्टी शूटआउट में माली को 6.5 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। दोनों ही मैच अतिरिक्त समय के बाद भी गोलरहित बराबरी पर थे। अब क्वार्टर फाइनल में बुर्किना फासो का सामना ट्यूनीशिया से, सेनेगल का भूमध्यवर्ती गिनी से, जाम्बिया का मेजबान कैमरून से और मिस्र का मोरक्को से होगा। मिस्र रिकॉर्ड सात बार अफ्रीकी चैम्पियन रह चुका है लेकिन 2010 के बाद से कप आफ नेशंस नहीं जीता।

## कोरोना संक्रमण के कारण विश्व कप क्वालीफायर से बाहर रहेंगे अर्जेंटीना के कोच स्कालोनी

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी कोरोना संक्रमित होने के कारण चिली के खिलाफ विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर मैच के लिये नहीं जायेंगे। स्कालोनी ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि उनके सहायक वाल्टर सैमुअल और राबर्टो अयाला मैच में कोचिंग का जिम्मा संभालेंगे। अर्जेंटीना पहले ही कतर में होने वाले विश्व कप में जगह बना चुका है जबकि चिली अभी दौड़ में है। कोच ने कहा, मैं ठीक हूं। उबर चुका हूं लेकिन पीसीआर अभी भी पॉजिटिव है। स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी भी संक्रमण से उबर रहे हैं और वह इस मैच में नहीं दिखेंगे। कोच ने कहा, मैने मेस्सी से बात की। उसे बहुत गंभीर संक्रमण हुआ था जिसका काफी असर पड़ा है।उसका पूरी तरह फिट होना जरूरी है क्योंकि आगे महत्वपूर्ण मैच खेलने हैं।

## रोहित शर्मा ने अपनी बल्लेबाजी में सुधार किया : रवि शास्त्री

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री  ने भारतीय क्रिकेट के दो सबसे बड़े स्टारि विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बात की और बताया कि कैसे दोनों एक-दूसरे से अलग हैं। पूर्व भारतीय कप्ताटन विराट कोहली और मौजूदा सीमित ओवर कप्तााुन रोहित शर्मा भारतीय टीम के दो सबसे बड़े बैटिंग सुपरस्टापर्स हैं, लेकिन बल्लींबाजी के आधार पर दोनों में से किसी एक को चुनना मुश्किल है। मैदान के बाहर दोनों व्यरक्ति बहुत अलग हैं। भारतीय खिलाड़ियों के साथ लंबा समय बिता चुके रवि शास्त्री  ने कोहली और रोहित के बर्ताव के बारे में बातचीत की। कोहली को बीस्टभ करार देते हुए शास्त्री  ने प्रकाश डाला कि जब ऊर्जा, जोश और प्रतिस्पेर्धी होने की बात आती है तो कैसे कोई कोहली की बराबरी नहीं कर सकता है। हालांकि, मैदान के बाहर कोहली बेहद शांत व्येक्ति हैं।

रवि शास्त्री ने शोएब अख्त र के यूट्यूब चैनल पर बातचीत करते हुए कहा, 'मैदान पर विराट बीस्टम की तरह है। वो टेरियर है। वो मैदान में आता है तो प्रतिस्प र्धा करना चाहता है और किसी के बारे में चिंतित नहीं होता। वो आपके मुंह पर होता है और जुनूनी है। मैदान के बाहर वो बिलकुल अलग है। बहुत शांत और आराम से रहता है। उसमें कोई दिक्कोत नहीं रहती। वो 33 साल का है। उसने कप्तातन बनकर योगदान दिया। चुनौती आती है जब एक समय के बाद आप कप्तान नहीं रहते हैं। तब भी खिलाड़ी के रूप में आप में ऊर्जा रहती है, रन बनाएं और टीम की जीत में मदद करें। अगर वो ऐसा करते हैं तो घेरा पूरा कर लेंगे।'

इसके बाद रवि शास्त्री  ने रोहित शर्मा के व्य क्तित्व' के बारे में बताया। शास्त्रीं ने रोहित को सकारात्मेक अंदाज में वापस रखा गया करार देते हुए बताया कि क्याव सबसे बड़ा बदलाव किया, जो 34 साल के बल्लेरबाज की बल्लेकबाजी में दिखा। पूर्व कोच ने कहा, 'अब रोहित को वापस रखा गया है। ऐसा भी एक समय था जब आपको महसूस होता थ कि उनके लिए खेल बहुत आसानी से बना। फिर उन्हेंक एहसास हुआ कि भगवान ने मुझे यह उपहार दिया है और अब मैं कड़ी मेहनत करके इसका ज्यानदा से ज्यांदा फायदा उठाऊंगा। और जब वो अपनी पूरी लय में हो तो कुछ ही बल्लेंबाज हैं, जो उसके जैसे खेल पाते हैं।' रवि शास्त्री  ने अपने विचार मांग वाले क्रिकेट पर रखे और जोर दिया कि अगर कुछ बदलाव किए जाएं तो खेल को संतुलित किया जा सकता है। पहली चीज उन्हों ने बताई कि बाउंसर की लिमिट को कम करना चाहिए और दूसरी कि कार्यक्रम इस तरह तैयार किया जाए कि खिलाड़यों को थकान महसूस नहीं हो।

## नार्वे की स्कीयर सहित कई खिलाड़ी कोविड-19 पॉजिटिव

**ओस्लो।** नार्वे महिला क्रास-कंट्री स्की टीम की दो सदस्य अगले महीने होने वाले बीजिंग शीतकालीन खेलों से पहले कोरोना वायरस पॉजिटिव पायी गयी हैं। नार्वे की टीम ने यह जानकारी दी। अन्य देशों को भी इंतजार है कि उनके संक्रमित खिलाड़ी खेलों में भाग लेने के लिये समय पर उबर सकते हैं या नहीं। इन खिलाड़ियों में स्विट्जरलैंड के हॉकी खिलाड़ी, रूस के बॉबस्लेडर्स और जर्मनी के स्केलेटन स्लाइडर्स शामिल हैं जो इस वायरस संक्रमण से उबरने का इंतजार कर रहे हैं। इस सूची में अमेरिका के बॉबस्लेडर जोश विलियमसन भी शामिल हैं जिन्होंने बुधवार को हुई जांच में पॉजिटिव होने का खुलासा किया और वह गुरूवार को चीन जा रही टीम के साथ रवाना नहीं होंगे। हालांकि उन्हें भरोसा है कि वह खेलों के समय तक पूरी तरह ठीक हो जायेंगे। दो बार की विश्व कप चैम्पियन हेडी वेंग और एने जेरस्टी काल्वा इटली के एलपाइन रिजार्ट में ट्रेनिंग शिविर में कोविड-19 के पॉजिटिव पायी गयीं जो अब पृथकवास में हैं। नार्वे की क्रांस कंट्री टीम के मैनेजर इस्पन बरविग ने वीडियो कॉल में कहा कि ओलंपिक खेलों में उनकी भागीदारी अनिश्चित है। वेंग नार्वे की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी हैं और पांच बार की विश्व चैम्पियन हैं।

## न्यूजीलैंड क्रिकेट ने भारतीय महिला टीम के खिलाफ सभी मैच क्वींसटाउन में कराने की घोषणा की

**आकलैंड।** कोविड-19 संक्रमण के खतरे को कम करने के लिये न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरूवार को भारतीय महिला टीम के खिलाफ आगामी छह मैचों को क्वींसटाउन में करने की घोषणा की। भारतीय महिला टीम इस समय न्यूजीलैंड में ही है और उसे मेजबान टीम के खिलाफ पांच वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच अब क्वींसटाउन के जॉन डेविस ओवल में खेलने होंगे जो नौ फरवरी से शुरू होंगे। इस संशोधित कार्यक्रम की घोषणा गुरूवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट ने की।

यह द्विपक्षीय श्रृंखला मार्च-अप्रैल में होने वाले विश्व कप से पहले भारत के लिये काफी महत्वपूर्ण होगी। यह द्विपक्षीय श्रृंखला पहले नेपियर में मैकलीन पार्क में एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से शुरू होनी थी, फिर दो दिन बाद पहला वनडे भी इसी स्थल पर खेला जाना था। नेल्सन में सैक्सटन ओवल में दूसरा और तीसरा (14 और 16 फरवरी को) वनडे खेला जाना था जबकि अंतिम दो वनडे क्वींसटाउन में (22 और 24 फरवरी को) खेले जाने थे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा घोषित कार्यक्रम में अन्य बदलावों में दक्षिण अफ्रीका की पुरूष टीम अपने पूरे दौरे के दौरान क्राइस्टचर्च में ही रहेगी और अपने दोनों टेस्ट मैच हेगले ओवल में ही खेलेगी जबकि पहले उसे दूसरा मैच वेलिंगटन में खेलना था। न्यूजीलैंड की पुरूष टीम के खिलाफ आस्ट्रेलिया के तीन टी20 मैचों की मेजबानी नेपियर (उपलब्धता पर निर्भर) करेगा जबकि नीदरलैंड की पुरूष टीम का दौरा माउंट मोनगानुई (एक टी20 और एक वनडे) और हैमिल्टन (दो वनडे) में होगा।

# एशिया कप हॉकी : सेमीफाइलन में हारा भारत, खिताब जीतने का सपना हुआ चकनाचूर

**मस्कट।** भारतीय महिला हॉकी टीम का एशिया कप में अपने खिताब का बचाव करने का सपना बुधवार को यहां दक्षिण कोरिया से 2-3 की हार के साथ ही चकनाचूर हो गया।

भारत ने अच्छी शुरूआत की तथा 28वें मिनट में वंदना कटारिया के गोल से बढ़त बनायी लेकिन कोरिया ने इसके बाद शानदार वापसी की। उसकी तरफ से कप्तान एनुबी चेओन (31वें), सेउंग जू ली (45वें) और हाइजिन चो (47वें मिनट) ने गोल किये।

भारत अब गुरुवार को तीसरे और चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच में जापान और चीन के बीच दूसरे सेमीफाइनल में हारने वाली टीम से भिड़ेगा। पहले दो क्वार्टर अगर भारत के नाम रहे तो कोरिया ने मध्यांतर के बाद अपना दबदबा दिखाया। भारत ने पहले क्वार्टर की शुरूआत में पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन गुरजीत के फ्लिक को कोरियाई गोलकीपर ने बचा दिया।





इसके कुछ मिनट बाद शर्मिला देवी का रिवर्स हिट गोल के ऊपर से बाहर चला गया। लालरेम्सियामी ने भारत को जल्द ही बढ़त दिला दी लेकिन सर्किल के अंदर फाउल होने के कारण गोल को अमान्य करार दिया गया। पहला क्वार्टर समाप्त होने से कुछ देर पहले वंदना का करीब से जमाया गया रिवर्स हिट कोरियाई गोलकीपर ने रोक दिया।

भारत दो बार गोल करने के करीब पहुंचा और वह दोनों टीम में बेहतर नजर आ रहा था लेकिन मौकों को नहीं भुना पाया। कोरिया जवाबी हमलों में खतरनाक नजर आ रहा था लेकिन भारतीय रक्षकों ने भी पूरी मुस्तैदी दिखायी। दूसरे क्वार्टर में कोरिया ने पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन भारतीय कप्तान गोलकीपर सविता ने दो बार अच्छा बचाव किया।

भारत ने मध्यांतर से दो मिनट पहले लगातार दो पेनल्टी कार्नर हासिल किये और वंदना ने दूसरे अवसर पर रिबाउंड पर गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। कोरिया की टीम मध्यांतर के बाद पूरी तरह से बदली हुई नजर आयी। चेओन ने 31वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर बराबरी का गोल किया। भारत का पेनल्टी कार्नर पर प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और गुरजीत फिर चूक गयी। तीसरे क्वार्टर से ठीक पहले कोरिया ने ली के गोल से बढ़त बनाकर भारतीयों को हतप्रभ कर दिया। कोरिया ने चौथे और अंतिम क्वार्टर के दूसरे मिनट में ही स्कोर 3-1 कर दिया जब चो ने हेजियोंग शिन के पास पर सविता को छकाते हुए गोल दागा। लालरेम्सियामी ने अंतिम हूटर बजने से छह मिनट पहले वंदना के ऊंचे पास पर गोल किया लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया।

# आईएसएल : बेंगलुरू ने जीती चेन्नइयन के खिलाफ श्रेष्ठता की जंग

**गोवा।** साउथ इंडियन डर्बी में बेंगलुरू एफसी ने फिर से चेन्नइयन एफसी के खिलाफ श्रेष्ठता की जंग जीत ली है। उदांता सिंह के दो गोल के दम पर बेंगलुरू एफसी ने हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 में अपनी दूसरी भिड़ंत में चेन्नइयन एफसी को 3-0 से हरा दिया। बुधवार रात को बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए सदर्न डर्बी मुकाबले में दो गोल करने और बेंगलुर के हमलों को धार देने के लिए उदांता को हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया। बेंगलुरू के युवा गोलकीपर लारा शर्मा कुछ शानदार बचाव करके क्लीन शीट अपने नाम रखने में सफल रहे।

चौथी जीत से बेंगलुरू आठवें से छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गई है। कोच मार्को पेज्जौउली की टीम के 13 मैचों में 17 अंक हो गए हैं। उसने चार मैच जीते हैं और पांच ड्रा खेले हैं। वहीं, आज पांचवीं हार के बाद चेन्नइयन चौथे से लुढ़कर पांचवें स्थान पर आ गई है। कोच





बोजिदार बांदोविक की टीम 13 मैचों पांच जीत और तीन ड्रा से 18 अंक जुटा चुकी है। मैच का पहला गोल 12वें मिनट में आया, जब पेनल्टी किक के रूप में मिले सुनहरे अवसर को ईरानी डिफेंसिव मिडफील्डर ईमान बसाफा ने गोल में तब्दील करके बेंगलुरू एफसी को 1-0 से आगे कर दिया। बेंगलुरू के यह सुनहरा मौका एक कॉर्नर किक के दौरान उस समय मिला, जब बॉक्स के अंदर कप्तान सुनील छेत्री गेंद जीतते नजर आ रहे थे और उन्हें पीछे से गिराकर चेन्नइयन के मिडफील्डर एडविन वांसपॉल ने फाउल कर दिया।

रैफरी प्रतीक मंडल ने पेनल्टी किक देने में कोई देरी नहीं की और बसाफा ने करारा राइट फुटर शॉट लगाकर गेंद को बायीं तरफ गोलजाल में उलझा दिया जबकि गोलकीपर देबजीत मजूमदार गलत अनुमान करके विपरीत दिशा में डाइव लगा बैठे। 42वें मिनट में फॉरवर्ड उदांता सिंह ने गोल करके बेंगलुरू की बढ़त 2-0 कर दी। अपने हाफ में चेन्नइयन के मिडफील्डर एडविन वांसपॉल के गलत पास को लेकर उदांता हाफलाइन से तेजी आगे दौड़े और बॉक्स के अंदर सुनील छेत्री को पास दिया लेकिन कप्तान ने अपने आगे चेन्नइयन के चार डिफेंडरों औ? फिर गोलकीपर देबजीत को छकाकर अपने बायीं तरफ गेंद हल्के से बढ़ाकर उदांता को खुला पोस्ट दे दिया। इस पास से चेन्नइयन की डिफेंस नेस्तनाबूद हो गई और फिर बना हलुआ मौका, जिसको उदांता ने राइट फुटर शॉट लगाकर गोल में तब्दील कर दिया। 52वें मिनट में उदांता ने मैच में अपना दूसरा गोल करके बेंगलुरू की बढ़त को 3-0 कर दिया। उन्होंने बॉक्स के अंदर अपने साथ लगे डिफेंडर मोहम्मद साजिद धोत की गलती का फायदा उठाया।

## भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान, गेंदबाज केमार रोच की हुई वापसी

**किंग्स्टन।** वेस्टइंडीज की टीम ने भारत दौरे पर खेली जाने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में प्रमुख तेज गेंदबाज केमार रोच की वापसी हुई है, जिन्होंने अपना आखिरी वनडे 2019 में खेला था। इसके अलावा ओपनिंग बल्लेबाज ब्रैंडन किंग और मध्यक्रम के बल्लेबाज क्रुमाह बोनर की भी वापसी हुयी है। टीम की कमान किरोन पोलार्ड ही संभालेंगे। टी20 टीम की घोषणा अभी नहीं की गई है। भारत दौरे पर वेस्टइंडीज को 6 से 11 फरवरी के बीच तीन वनडे और इसके बाद टी20 सीरीज भी खेली जानी है। दोनों देशों के बीच होने वाली यह सीरीज आईसीसी वनडे सुपर लीग का भी हिस्सा होगी, इस वजह से वेस्टइंडीज के पास अंक अर्जित कर वर्ल्ड कप के लिए टॉप 7 में जगह बनाने का मौका रहेगा। मेजबान देश होने की वजह से भारत को सीधे तौर पर प्रवेश मिलेगा।

रोच एक अनुभवी तेज गेंदबाज हैं और उन्होंने 92 वनडे मैचों में 124 विकेट चटकाए हैं। 2019 में पोर्ट ऑफ स्पेन के मैदान पर भारत के खिलाफ ही उन्होंने अपना आखिरी वनडे खेला था और इसके बाद से ही टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। क्रुमाह बोनर ने आखिरी बार जनवरी 2021 में बांग्लादेश में वेस्टइंडीज के लिए वनडे मैच खेला था। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए तीन वनडे मैच खेले हैं। दूसरी तरफ ओपनिंग बल्लेबाज ब्रैंडन किंग को हालिया टी20 मैचों में प्रदर्शन के मैदान पर एक बार फिर से वापसी का मौका दिया गया है। लीड चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, केमार रोच हमारे प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक हैं और हमारा मानना है कि हमें जल्दी विकेट लेने के लिए गेंदबाजों की जरूरत है, और केमार, पांच की इकॉनमी रेट के साथ, निश्चित रूप से खेलने के लिए काफी अच्छा है। पिछले कुछ वर्षों में, क्रुमाह बोनर का क्रिकेट तेजी से आगे बढ़ा है और हमारा मानना है कि उन्हें 50 ओवर के प्रारूप में खेलने का मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, हम स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। हम एक ऐसे मुकाम पर पहुंचना चाहते हैं, जहां हमारे पास कई खिलाड़ी हों जो पोजीशन के लिए लड़ रहे हों। हम उन खिलाड़ियों के पूल का विस्तार करना चाहते हैं जिन्हें हमें चुनना है। हमने जो टीम चुनी है वह बहुत अच्छी टीम है और हम इस दौरे को 2023 में भारत में होने वाले वर्ल्ड कप की तैयारियों के तहत देख रहे हैं।

भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की 15 सदस्यीय टीम : किरोन पोलार्ड (कप्तान), फैबियन एलेन, क्रुमाह बोनर, डैरेन ब्रावो, शमराह ब्रूक्स, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, निकोलस पूरन, केमार रोच, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, हेडन वॉल्श जूनियर।

## अंडर 19 वर्ल्ड कप: सेमीफाइनल में पहुंची इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की एकतरफा जीत

**नार्थ साउंड (एंटीगा)।** आईसीसी अंडर 19 वर्ल्ड कप के पहले क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इसके अलावा प्लेट लीग के तीसरे क्वार्टरफाइनल में ज़िम्बाब्वे ने स्कॉटलैंड को 108 रन और चौथे क्वार्टरफाइनल में मेजबान वेस्टइंडीज ने पापुआ न्यू गिनी को 169 रनों से हराया। सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम, एंटिगा में खेले गए सुपर लीग के पहले क्वार्टरफाइनल में टॉस जीतकर पहले खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम 43.4 ओवर में 209 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। डेवाल्ड ब्रेविस ने 97 रनों की बेहतरीन पारी खेली, वहीं रेहान अहमद ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड ने 'मैन ऑफ द मैच' जैकब बेथेल (42 गेंद 88) की धुआंधार पारी और विलियम लक्सटन ने नाबाद 47 रनों की पारी की मदद से 31.2 ओवर में ही चार विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले गए मुकाबले में ज़िम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 49.5 ओवर में 248 रन बनाये। 'मैन ऑफ द मैच' मैथ्यू वेल्श ने 78 और ब्रायन बेनेट ने 54 रनों की पारी खेली।

स्कॉटलैंड के जैक जार्विस ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। जवाब में स्कॉटलैंड की टीम 39 ओवर में सिर्फ 140 रन बनाकर ढेर हो गई। डेविड बेनेट और कोनोर मिचेल ने सबसे ज्यादा तीन-तीन विकेट लिए।

डिएगो मार्टिन में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले खेलते हुए वेस्टइंडीज ने 50 ओवर में 317/6 का विशाल स्कोर बनाया, जिसके जवाब में पापुआ न्यू गिनी सिर्फ 148 रन बनाकर ढेर हो गई। वेस्टइंडीज के मैथ्यू नंदू ने 128 रनों की शानदार शतकीय पारी खेलने के अलावा दो विकेट भी लिए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इसके अलावा वेस्टइंडीज के शकेरे पैरिस ने 64 और केविन विखम ने 61 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली।

प्लेट लीग के सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज का सामना यूएई और ज़िम्बाब्वे का सामना आयरलैंड के खिलाफ होगा। 13वें से 16वें स्थान के प्लेऑफ सेमीफाइनल में यूगांडा का सामना पापुआ न्यू गिनी और कनाडा का सामना स्कॉटलैंड के खिलाफ होगा।

सुपर लीग के दूसरे सेमीफाइनल में 27 जनवरी को श्रीलंका का सामना अफगानिस्तान के खिलाफ होगा, जिसके विजेता टीम का सामना पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ होगा और हारने वाली टीम का सामना पांचवें से आठवें स्थान के प्लेऑफ सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होगा।

## रोवमन पॉवेल के तूफानी शतक की मदद से वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को हराया

**ब्रिजटाउन।** वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच ब्रिजटाउन में खेले गए पांच टी20 मैचों की सीरीज के तीसरे मैच में कैरेबियाई टीम ने जीत हासिल करते हुए मेहमान टीम को 20 रन के अंतर से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 5 विकेट पर 224 का स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लैंड ने 9 विकेट पर 204 रन बनाए। रोवमन पॉवेल को शानदार शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। सीरीज के शुरूआती तीन मैचों में वेस्टइंडीज ने दूसरी जीत हासिल करते हुए 2-1 की बढ़त बना ली है। इससे पहले टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका यह फैसला सही साबित हुआ और मेजबान टीम ने ब्रैंडन किंग (10) के रूप में 11 रन के स्कोर पर अपना विकेट गंवा दिया। दूसरे विकेट के लिए कैरेबियाई बल्लेबाजों ने 37 रन जोड़े लेकिन 48 के स्कोर पर लिविंगस्टोन ने शाई होप को 4 रन के निजी स्कोर पर आउट किया। नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने आये रोवमन पॉवेल ने निकोलस पूरन (43 गेंदों में 70 रन) के साथ मिलकर जबरदस्त बल्लेबाजी की और दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 122 रन जोड़े। पॉवेल ने 53 गेंदों में 107 रन की तूफानी पारी खेली। निचले क्रम में रोमारियो शेफर्ड ने 5 गेंदों में 11 रन बनाए और इस तरह वेस्टइंडीज ने निर्धारित ओवर में 224/5 का स्कोर बनाया। इंग्लैंड के लिए आदिल राशिद सबसे किफायती साबित हुए और 25 रन देकर एक सफलता हासिल की। जवाब में 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लिश ओपनर्स ने पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। जेसन रॉय 19 रन के निजी स्कोर पर शेफर्ड का शिकार बने। जेम्स विन्स (9 गेंद में 16 रन) बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान मोईन अली खाता भी नहीं खोल पाए। लिविंगस्टोन भी 11 रन का ही योगदान दे पाए। लगातार विकेट गिरने के बीच टॉम बैंटन ने तूफानी पारी खेली और वह 39 गेंदों में 73 रन बनाकर आउट हुए। फिल साल्ट ने भी 24 गेंदों में 57 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। इस तरह इंग्लैंड 20 ओवर में 204/9 का स्कोर बनाकर 20 रन से हार गया। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने 3 विकेट चटकाए।

## एफकॉन ग्रुप स्टेज से बाहर होने के बाद घाना ने फुटबॉल कोच मिलोवन को बर्खास्त किया

**अकरा (घाना)।** घाना फुटबॉल एसोसिएशन (जीएफए) ने राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच मिलोवन राजेवैक का अनुबंध समाप्त कर दिया है, जिसके एक हफ्ते बाद टीम कैमरून में चल रहे अफ्रीकी कप ऑफ नेशन (एएफसीओएन) से बाहर हो गई। महाद्वीप के लिए प्रीमियर फुटबॉल टूनार्मेंट में, घाना पुरुषों की राष्ट्रीय टीम, जिसे ब्लैक स्टार्स के नाम से भी जाना जाता है, अपनी प्रतिष्ठा पर खरा उतरने में विफल रही और जल्दी बाहर निकल गई।

सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस बीच, जीएफए ने ब्लैक स्टार्स प्रबंधन समिति के सदस्यों को भी बर्खास्त कर दिया है। एसोसिएशन ने सर्बियाई प्रशिक्षक और ब्लैक स्टार्स प्रबंधन समिति के सदस्यों को उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया और उनके भविष्य के प्रयासों में उनके अच्छे होने की कामना की। जीएफए से आने वाले दिनों में सभी संबंधित हितधारकों के साथ उचित जुड़ाव के बाद एक पुनर्गठित तकनीकी टीम और प्रबंधन समिति की घोषणा करने की उम्मीद है।

